# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 28 फरवरी 2025


## पीएम मोदी ने महाकुंभ पर कहा-देवभक्ति ही देशभक्ति

## यह भारत की विकास यात्रा के एक नए अध्याय का संदेश



महाकुंभ की सफलता के बाद पीएम सोमनाथ दर्शन को जाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की एकता के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभिभूत मैं द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा। मैं श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। मैं कामना करूंगा कि देशवासियों में ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 06 भी

### हम सब नदी उत्सव जरूर मनाएं

*पीएम मोदी ने लिखा कि जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं।*

महाकुंभ संपूर्ण होने के बाद सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे, किए बड़े ऐलान

# 'सफाईवीरों' की सैलरी अब होगी 16 हजार 10 हजार बोनस, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा



## सीएम व कैबिनेट मंत्रियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

महाकुंभ के संपूर्ण होने के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। 1 अप्रैल से कर्मचारियों ▸▸ शेष पेज 4 पर



### सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार प्राप्त किया।

### नाव चालकों को नाव खरीदने दी जाएगी धनराशि, मुफ्त इलाज भी

*महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपए की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।* ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पाक चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, शर्मनाक रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में क्या पहले ऐसा हुआ है कि मेजबान देश टूर्नामेंट का एक मैच भी नहीं जीत पाया हो। दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान देश पाकिस्तान ग्रुप स्टेज से बाहर हो चुका है। शर्मनाक ये है कि उसका सफर बिना कोई जीत के खत्म हुआ है। पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया।

### हाई कोर्ट बोला- हाईवे की हालत खराब तो टोल कैसा?



**जम्मू।** यदि सड़क की हालत खराब है तो फिर उस पर टोल टैक्स की वसूली करना तो यात्रा करने वालों के साथ अन्याय है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में यह बात कही है। अदालत ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आदेश दिया कि वह टोल टैक्स में 80% तक कटौती करे क्योंकि सड़क जर्जर है।


### सट्टेबाजी में नुकसान की भरपाई के लिए अपहरण



**इंदौर।** ऑनलाइन सट्टेबाजी एप पर हारी रकम की भरपाई के लिए एक व्यापारी के अपहरण का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया और व्यापारी को मुक्त कराया। पुलिस उपायुक्त विनोद कुमार मीना ने बताया कि फिरौती के लिए व्यापारी पवन जैन को 25 फरवरी को अगवा किया गया था।

## चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को केंद्रीय मंत्री शाह ने किया संबोधित

# नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेकर एकात्म मानववाद को धरातल पर 'उतारा'



भारत रत्न नानाजी देशमुख राष्ट्रसेवी थे, प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत रत्न देकर किया सच्चा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारत रत्न नानाजी देशमुख अजातशत्रु थे। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल की अवधि में कई कष्ट सहे। उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में राष्ट्रहित में जो कार्य किया उस वजह से उन्हें राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी गई।

वे वास्तविक अर्थों में राष्ट्रसेवी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर उनके जीवन और कार्यों का सच्चा सम्मान किया। शाह गुरुवार को सतना जिले के चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह नानाजी देशमुख की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित किया गया। इस ▸▸ शेष पेज 4 पर

*शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीनीकृत राम दर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया*

### नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर हुआ विशेष कार्यक्रम



सीएम ने कहा-नानाजी ने रामकथा के साथ रामदर्शन तो कराया ही, ग्राम दर्शन भी कराया

### मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज तक देश के 60 करोड़ परिवारों को अपना पक्का मकान, स्वच्छ पेयजल, रसोई गैस और मुफ्त इलाज समेत जैसी अनेक सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री के विचार के संदर्भ में शाह ने कहा कि मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयता के साथ-साथ हमारी कृषि, शिक्षा और वसुधैव कुटुंबकम को कैसे विश्व में स्थापित किया जाए, नानाजी के विचारों के अनुकूल इन कार्यों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि देश का विकास कितना भी हो जाए लेकिन विरासत को साथ लेकर चलना चाहिए।

### आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि नानाजी कुशल संगठनकर्ता थे। जब देश में आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे। इसी कालखंड में कई आंदोलन हुए और जनसंघ का उदय हुआ। नानाजी देशमुख ने राष्ट्र प्रथम की भावना को प्राथमिकता देते हुए दलों का विलय भी करवाया। शाह ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने नानाजी देशमुख को राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी थी। प्रधानमंत्री ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देने का कार्य किया।



### नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थीः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री शाह समेत यहां उपस्थित सभी अतिथियों का आभार माना। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग रहा है कि उनकी नानाजी से भेंट हुई थी। नानाजी का होना हम सबके लिए एक प्रेरणा पुंज के समान था। जब पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

स्टालिन का दावा, कहा- तमिलनाडु में विरोध करेंगे

## भोजपुरी, ब्रज और गढ़वाली समेत 25 भाषाओं को निगल गई हिंदी

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को राज्य में त्रि-भाषा फॉर्मूले का कड़ा विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदी ने उत्तर भारत में कई प्राचीन भाषाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, ब्रज और गढ़वाली समेत कई भारतीय भाषाओं को निगल लिया है।

- राज्य में त्रि-भाषा फॉर्मूले का कड़ा विरोध किया

स्टालिन का आरोप है कि केंद्र त्रि-स्तरीय फॉर्मूले से हिंदी थोपने की कोशिश में है। त्रि-भाषा फॉर्मूले पर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा है।

एमके स्टालिन ने केंद्र पर हिंदी और संस्कृत को थोपने का आरोप लगाया ▸▸ शेष पेज 4 पर

त्रि-भाषा फॉर्मूले पर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा



### त्रि-भाषा फॉर्मूले के तहत तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है

भाजपा का तर्क है कि त्रि-भाषा फॉर्मूले के तहत तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है। इस पर स्टालिन ने दावा किया कि त्रि-भाषा नीति अनुसूची के मुताबिक कई राज्यों में केवल संस्कृत ▸▸ शेष पेज 4 पर

पति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

## वर्ल्ड चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी हुई दहेज उत्पीड़न की शिकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अर्जुन पुरस्कार विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अपने कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्वीटी ने अपने पति और उनके परिवार पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों की शादी 2022 में हुई थी।

स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में भाजपा नेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ▸▸ शेष पेज 4 पर



### 2024 में चुनाव हार गए थे हुड्डा

हुड्डा ने रोहतक जिले के महम क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 2024 हरियाणा विस चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वह 2016 में दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने प्रो कबड्डी लीग में भी हिस्सा लिया है।

बुरहानपुर अस्पताल में लापरवाही

## महिला ने 'बेटे' को जन्म दिया सौंपी गई बेटी, कट गया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बुरहानपुर

जिला अस्पताल में गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। एसएनसीयू में नवजात बच्चों को बदल दिया गया। ग्राम मैथा की एक महिला ने बेटे को जन्म दिया। लेकिन, अस्पताल स्टाफ ने उन्हें बेटी सौंप दी। महिला के पति ज्ञान सिंह ने तुरंत इस गलती का विरोध किया। जांच में पता चला कि यह बेटी बुरहानपुर ▸▸ शेष पेज 4 पर

- एक घंटे बाद दो परिवारों को मिले उनके सही बच्चे




इंदौर लोकायुक्त ने की बड़ी कार्रवाई

## एरियर भुगतान के लिए बाबू ने 5 फीसदी मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलीराजपुर

लोकायुक्त पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों बाबू को गिरफ्तार किया। यह पूरा मामला अलीराजपुर का है। जो एक रिटायर्ड कर्मचारी के छठें वेतनमान के एरियर से जुड़ा हुआ है। हेमंत दांडेकर चंद्रेशखर आजाद आदिवासी ग्रामीण दृष्टिहीन पुनर्वसन केंद्र भाबरा में वार्डन थे। जो कि साल 2018 में रिटायर हुए थे और साल 2022 में उनका निधन हो गया था। उनका 9.36 लाख रुपए के एरियार का भुगतान होना बाकी है। एरियर भुगतान की एवज में ▸▸ शेष पेज 4 पर

- 45 हजार लेते रंगे हाथों धराया



दोबारा एग्जाम देने का आश्वासन दिया तो बच्चे हटे

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाए 26 विद्यार्थी, सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

गुरुवार को कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने समय पर न पहुंचने पर छात्र-छात्राओं को एग्जाम नहीं देने दिया गया। मामला शासकीय पदमा राजे विद्यालय का है। जहां बाहर छात्र-छात्राओं 26 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। बच्चों का कहना है कि वे सुबह 8:22 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे, इसके बावजूद भी उन्हें स्कूल में एंट्री नहीं दी गई। उन्होंने जल्दी स्कूल का गेट बंद करने का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना मिलने पुलिस के अलावा स्कूल शिक्षा विभाग से डीईओ अजय कटियार, ज्वॉइंट डायरेक्टर दीपक पांडेय और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि, मौके पर पहुंचे एसडीएम ने छात्राओं के समय पर न पहुंचने की बात कही है। बच्चों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई है कि उनकी परीक्षा कराई जाए। एक ▸▸ शेष पेज 4 पर



### बच्चों का आरोप- स्कूल का गेट जल्दी बंद किया



कलेक्टर से की शिकायत

### विदिशा में भी 6 बच्चे देर से आए, नहीं मिली अनुमति

*ग्यारसपुर। विदिशा जिले के ग्यारसपुर स्थित सीएम राइज स्कूल में गुरुवार से शुरू हुई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 6 छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाया। वे निर्धारित समय 8:40 बजे के बाद परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। छात्र केशव कुशवाहा ने बताया कि वह 8:45 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा, लेकिन परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी। छात्रों का आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके बाद वे परिजनों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि छात्र 9 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचे, तब तक उत्तर पुस्तिकाएं बांटी जा चुकी थीं। जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। राजगढ़ के बोड़ा में दो छात्रों को भी देरी से आने के चलते उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया।*




### सचखंड, कुशीनगर व पंजाब मेल एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों में बढ़ रही वेटिंग

# होली को लेकर ट्रेनों में लंबी वेटिंग, अभी करवा लें रिजर्वेशन, तो टिकट हो सकता है कनफर्म

## नए नियम के चलते ट्रेनों में बढ़ रही वेटिंग, एक सप्ताह बाद नो-रूम की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अगर आप होली पर कहीं जाने की सोच रहे हैं तो आज ही रिजर्वेशन करा लें, नहीं तो आने वाले दिनों में रिजर्वेशन कंफर्म नहीं हो पाएगा। दरअसल होली को लेकर अब 14 दिन बचे हैं तो वहीं अभी से ही नई दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग दिखनी शुरू हो गई है। जैसे-जैसे होली का समय नजदीक आते जा रहा है। वैसे-वैसे वेटिंग बढ़ती जा रही है। कई ट्रेनों में 90 से अधिक वेटिंग लिस्ट पहुंच गई है। एक सप्ताह तक कई प्रमुख ट्रेनों में नो रूम की स्थिति हो जाएगी।

इसलिए लोग भी अपना जाने और आने का रिजर्वेशन कराने में लग गए हैं। रेलवे की ओर से फिलहाल होली स्पेशल ट्रेन को लेकर भी कोई घोषणा नहीं की। इसके चलते होली के आस-पास की डेट में सचखंड, कुशीनगर व पंजाब मेल में 90 से अधिक की वेटिंग देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा लोग दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन करा रहे हैं। इसके चलते दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में लगातार वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही है। दरअसल बड़ी संख्या में लोग मथुरा जाएंगे। हालांकि रेलवे अधिकारी द्वारा आने वाले दिनों में कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलाने और ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

**होली का समय नजदीक आते ही कई ट्रेनों में 90 से अधिक वेटिंग लिस्ट पहुंच गई**



**8 से 14 मार्च तक इन ट्रेनों की वेटिंग स्थिति**

| गाड़ी का नाम | स्लीपर क्लास | एसी थर्ड |
|---|---|---|
| पंजाब मेल | 85 | 32 वेटिंग |
| कुशीनगर एक्सप्रेस | 90 वेटिंग | 46 वेटिंग |
| कामायनी एक्सप्रेस | 72 वेटिंग | 36 वेटिंग |
| गोरखपुर-एलटीटी | 57 वेटिंग | 42 वेटिंग |
| पुष्पक एक्सप्रेस | 67 वेटिंग | 38 वेटिंग |
| मंगला एक्सप्रेस | 74 वेटिंग | 43 वेटिंग |

### भोपाल रेलवे स्टेशन पर 218 यात्री बेटिकट पकड़े गए, 1.21 लाख का जुर्माना वसूला

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को बिना टिकट यात्रा करने वालों को पकड़ने के लिए 'किलाबंदी' की गई। इस दौरान ऐसे 218 यात्री पकड़े गए, जिनके पास टिकट नहीं मिले। उनसे 1 लाख 21 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। भोपाल स्टेशन पर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक दो सुपरवाइजर समेत 20 टिकट चैकिंग स्टाफ ने 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की गई। ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें।



### ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने को लेकर किया बदलाव

*रेलवे की ओर से हाल ही में ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने को लेकर नियम में बदलाव किया था। इसके तहत टिकट बुकिंग की समय अवधि तीन माह से घटाकर एक माह कर दी। इस वजह से अब लोग मजबूरी में एक माह में अपनी टिकट बुकिंग करा रहे हैं। इसके चलते रिजर्वेशन कराने वालों की संख्या बढ़ने के साथ ही ट्रेनों में वेटिंग बढ़ रही है। पहले यात्रियों के पास तीन माह का समय होता था। इसके चलते लोग आसानी से रिजर्वेशन करा लेते थे। अब एक माह का समय होने के कारण स्टेशनों में रिजर्वेशन कराने वालों की भीड़ लगी है।*

### भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों की बरगवां स्टेशन पर अस्थाई हॉल्ट की अवधि बढ़ाई

*रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने जाने वाली आठ रेलगाड़ियों को बरगवां स्टेशन पर 1 मार्च से आगामी अगले आदेश तक के लिए प्रायोगिक तौर पर ठहराव देने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया हैं। जिसमें अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद, कोलकाता-मदार जंक्शन-कोलकाता, सांतरागाछी-अजमेर-सांतरागाछी एवं हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के बरगवां स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान ठहराव की विस्तृत जानकारी निम्न हैं।*

- *गाड़ी संख्या 19413 अहमदाबाद-कोलकातार एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 18009 सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33-05:35 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस बरगवां में आगमन-प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस बरगवां में आगमन-प्रस्थान प्रातः 05:33-05:35 बजे रहेगा।*
- *गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस बरगवां में आगमन-प्रस्थान रात 20:18-20:20 बजे रहेगा।*

### हिंदी का था पहला पेपर, विद्यार्थियों ने बताया-सामान्य प्रश्न आए...

## 10वीं की परीक्षा शुरूः पहले दिन 9.53 लाख विद्यार्थी हुए शामिल, भोपाल में बनाए गए 103 परीक्षा केंद्र

बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दी सलाह संक्षेप में और सटीक उत्तर दें, नकल की कोई सामग्री अपने पास न रखें

इस बार छात्रों को केवल 32 पृष्ठों की मुख्य उत्तर पुस्तिका मिल रही सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होने के बाद गुरुवार से कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा भी शुरू हो गई है। इसका भी पहला पेपर हिंदी का था। 10वीं में पहले दिन पूरे प्रदेश में 9.53 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रदेश में 3887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, भोपाल में 103 केंद्रों पर विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। पेपर हल करके लौट रहे विद्यार्थी दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि हिंदी का पेपर ठीक रहा। परीक्षा केंद्र के अंदर पेपर टाइम से मिला और आंसर शीट भरने में भी सहयोग किया गया। पेपर न तो ज्यादा कठिन था और न ही सरल रहा। कुछ अन्य विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने पूरा पेपर हल किया है, लेकिन कुछ प्रश्न वे नहीं कर पाए।




टीटी नगर स्थित मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल में परीक्षा देने जाते विद्यार्थी।



सरोजनी नायडू स्कूल में परीक्षा देकर बाहर आने के बाद खुशी व्यक्त करतीं छात्राएं।

### इस बार अधिक सख्ती, उड़नदस्ते सक्रिय

इस बार एमपी बोर्ड ने कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षाओं को लेकर जहां नियमों में कुछ बदलाव किए हैं, वहीं नकल रोकने के लिए काफी सख्ती की जा रही है। परीक्षार्थियों को केंद्र पर पहुंचने के बाद गेट पर तलाशी के साथ ही कमरे या हॉल में जाने पर भी नकल की तलाश हो रही है। पेपर टाइम से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहले से ही अनांउस किया जा रहा है कि जिसके पास भी नकल हो, वह केंद्र पर लगाई गई पेटी में स्वयं ही डाल दे। अन्यथा पकड़े जाने पर बख्शा नहीं जाएगा। मंडल ने सभी संसेटिव केंद्रों के आसपास उड़नदस्ते तैनात किए हैं। यह टीमें सुबह 9 से 12 बजे के बीच किसी भी केंद्र पर जाकर निरीक्षण कर रही हैं। कुछ केंद्रों पर जैमर भी लगाए जाने की बात कही गई है।

#### मंडल ने यह दिए निर्देश

मंडल ने कहा है कि परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले (सुबह 8 बजे तक) एवं परीक्षा कक्ष में आधे घंटे पहले प्रवेश करें। अपने साथ प्रवेश पत्र, पानी की ट्रांसपेरेंट बोतल और पेन के लिए ट्रांसपेरेंट बॉक्स ही ले जाएं। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के क्यूआर कोड को स्कैन किया जाएगा। किताबें या अन्य सामग्री बाहर रखी पेटी में जमा करें। उत्तर पुस्तिका के काले या नीले बॉल पेन से नाम, रोल नंबर व अन्य विवरण सही से गोला करें। अगर कोई पेज उखड़ा हो तो तुरंत सूचना दें।

#### कॉपियों की सिलाई उखड़ी न मिले

मंडल ने स्पष्ट कहा है कि नकल पर सख्ती की गई है। निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी पाई गई, तो इसे नकल की श्रेणी में माना जाएगा और उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

#### सुबह 9 बजे से हुई परीक्षा शुरू

गुरुवार को पेपर सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर 12 बजे तक हल किया गया। इस बार छात्रों को केवल 32 पृष्ठों की मुख्य उत्तर पुस्तिका दी गई है। अतिरिक्त सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी। इसलिए छात्रों को संक्षेप उत्तर लिखने की सलाह दी गई।

#### पहले दिन पकड़े गए तीन नकलची

मंडल के अनुसार 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पहले दिन प्रदेश में कुल 3 नकल के प्रकरण बने। इनमें ग्वालियर, अशोकनगर और छतरपुर में निरीक्षण टीम ने एक-एक नकलची को पकड़ा है। प्रदेश में नकल के कुल 3 प्रकरण निरीक्षण टीम ने बनाए हैं।

## अरबी-फारसी प्रमाण-पत्र, उर्दू डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए 5 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में चल रहे राष्ट्रीय उर्दू भाषा एवं विकास परिषद, नई दिल्ली के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र अरबी भाषा, फारसी (परशियन) कोर्स एवं उर्दू डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश शुरू हो गए हैं। अरबी, फारसी और उर्दू भाषा सीखने के इच्छुक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 मार्च, 2025 है। अरबी कोर्स में प्रवेश के लिए उर्दू एवं अंग्रेज़ी की प्रारंभिक शिक्षा के अतिरिक्त उर्दू लिखने और समझने का ज्ञान भी आवश्यक है। फारसी कोर्स में प्रवेश के लिए उर्दू एवं अंग्रेजी लिखने और पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है। उर्दू डिप्लोमा कोर्स के लिए हिन्दी या अंग्रेज़ी का ज्ञान आवश्यक है और तीनों पाठ्यक्रमों में आयु सीमा की भी कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

#### 200 रुपए में होगा रजिस्ट्रेशन

*प्रवेश के लिए प्रति कोर्स रुपए 200 पंजीयन शुल्क प्रवेश के साथ जमा करना होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य कोई फीस नहीं ली जाएगी। कोर्स की किताबें निःशुल्क दी जाएंगी। सभी कोर्सेस के प्रवेश पत्र सीमित हैं, प्रवेश पत्र समाप्त होने की स्थिति में उसकी छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी।*



भोपाल
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-अमावस
वर्ष : 11, अंक : 335
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर...




विचार पेज
06 एकता का महाकुंभ, परिवर्तन...

केंद्रीय आईटी मंत्री वैष्णव ने दिखाया लैपटॉप

## भारत में डिजाइन हुए और बने लैपटॉप की झलक आई सामने

■ देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अच्छी खबर 1

भारत सरकार की ओर से 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में केंद्रीय रेलवे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भारत में डिजाइन और मैन्युफैक्चर हुआ लैपटॉप दिखाया। वीडियो में दिखाया गया स्वदेशी लैपटॉप इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर में देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता को दिखाता है।

क्लिप में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के सीईओ पुनीत अग्रवाल ने हार्डवेयर से लेकर सॉफ्टवेयर तक लैपटॉप के पूरे मैन्युफैक्चरिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 18 महीने में 3,900 नौकरियां पैदा हुईं

पिछले महीने सरकार ने ऐलान किया कि आईटी हार्डवेयर के लिए लाई गई पीएलआई 2.0 स्कीम के लॉन्च के 18 महीने में ही 10,000 करोड़ रुपए का उत्पादन हुआ है और 3,900 नौकरियां पैदा हुई हैं। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बीते 10 वर्षों में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। 2024 में उत्पादन बढ़कर 9.8 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि 2014 में 2.4 लाख करोड़ रुपए पर था।

इस ट्रैक को भारतीय रेलवे और आईआईटी मद्रास के सहयोग से तैयार किया गया

## अब दिल्ली से जयपुर मात्र 30 मिनट में जाएं 1100 किमी रफ्तार से दौड़ेगी हाइपरलूप ट्रेन

■ वैष्णव ने 422 मीटर तैयार हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का वीडियो शेयर किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब दिल्ली से जयपुर मात्र 30 मिनट में पहुंच पाएंगे। जल्द ही यह सपना साकार होने जा रहा है। देश का पहला हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है, जिस पर अब ट्रेन 1100 किमी की रफ्तार से दौड़ने वाली है।



अच्छी खबर 2

नई टेक्नोलॉजी से लैस यह ट्रांसपोर्ट सिस्टम भारत में नई क्रांति लाने वाला है। इस ट्रैक को भारतीय रेलवे और आईआईटी मद्रास के सहयोग से तैयार किया गया है। इसकी लंबाई 422 मीटर है। भविष्य में दुनिया की सबसे तेज बुलेट ट्रेन से भी कई अधिक गुना स्पीड से एक शहर से दूसरे शहरों में पहुंचा जा सकेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 422 मीटर तैयार हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया है।

हाईपरलूप को एक तरह का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम माना जा रहा है, जो ट्रेन को एक खास तरह के ट्यूब में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह ट्रेन विशेष ट्यूबों में चलती है, जो एयर प्रेशर की मदद से गति प्राप्त करती है

यह ट्रेन विशेष ट्यूबों में चलती है, जो एयर प्रेशर की मदद से गति प्राप्त करती है। इसके माध्यम से ट्रेन को किसी भी तरह के ट्रैक्शन की आवश्यकता नहीं होती। यह किसी भी जलवायु या भौगोलिक परिस्थिति में प्रभावी रूप से चल सकती है। इसके अलावा यह तकनीक पर्यावरण के प्रति भी अधिक जागरूक है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### टायर फटने के बाद ट्रक से कार भिड़ी, 2 की मौत

**नरसिंहपुर।** चलती कार नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार में सवार भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं बच्चों के चाचा ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसा गुरुवार दोपहर 3.30 बजे सुआतला थाना क्षेत्र में बरमान चौकी के पास हुआ। कार का टायर फट गया था, जिससे वह बेकाबू हो गई। और ये हादसा हो गया।



#### केंद्र ने भाजपा के 32 नेताओं की हटाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के 32 नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली। गृह मंत्रालय की समीक्षा समिति ने एक लिस्ट जारी की, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला, पूर्व सांसद दशरथ तिर्की, शंकुदेव पांडा और पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर के नाम शामिल हैं।



#### भोपाल के बाद अब इंदौर से हटेगा बीआरटीएस

**इंदौर।** अब इंदौर के बीआरटीएस को हटाने का रास्ता साफ हो गया है। जबलपुर हाईकोर्ट ने इसको लेकर फैसला सुनाया है। तीन महीने पहले इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि इससे लोगों को परेशानी हो रही है, इसलिए इसे हटाया जाएगा। बता दें कि इंदौर में निरंजनपुर से राजीव गांधी प्रतिमा तक करीब 11.5 किमी लंबा बीआरटीएस है।



यूका मामला : सुप्रीम कोर्ट ने पीथमपुर में रासायनिक कचरा जलाने पर दायर याचिका की खारिज

## कचरा पीथमपुर में ही जलेगा, सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार, ट्रायल शुरू

कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क

*हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार/भोपाल

भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को हाईकोर्ट ने सुन लिया है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई सुनवाई नहीं करेगा। कोर्ट के इस रुख के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल शुरू होगा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद ▶▶ शेष पेज 4 पर

### फैक्ट्री के पास 24 थानों की पुलिस फोर्स तैनात

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद

फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा



### हाईकोर्ट मामले में बेहतर ढंग से निपट रहा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, एनजीआरआई और सीपीसीबी जैसे उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ निकाय शामिल थे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट इस मामले से बेहतर ढंग से निपट रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा कचरा निपटान से निपटने के सुस्त तरीके को गंभीरता से लिया। हाईकोर्ट मामले की निगरानी कर रहा है। इसलिए हमें इस विवादित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता।

### दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 और 2015 में हुए दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया। सीपीसीबी के टेस्ट रिपोर्ट्स का अवलोकन भी किया। उसके आधार पर डबल बेंच ने पिटिशन को डिस्पोज किया। अगर याचिकाकर्ता को किसी तरीके से कोई भी तथ्य या आपत्ति रखना है तो एमपी हाईकोर्ट में दे सकते हैं।

### दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए इस मामले को डिस्पोज ऑफ किया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पहले ही यह मामला विचाराधीन है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की डबल बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने बताया कि हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए जो सफल रहे।

भोपाल गैस कांड पीड़ितों के लिए काम करने वाले एक संगठन की ओर से पेश हुए एक अन्य वकील ने कहा कि विचाराधीन प्लांट में जहरीली गैसों को ध्यान में नहीं रखा गया है। संगठन के पास बेहतर वैकल्पिक उपाय है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एमपी हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश सरकार के सामने रखने की भी स्वतंत्रता दी।

कैबिनेट ने संशोधित बिल को मंजूरी दी

## बजट सत्र के 'दूसरे हिस्से' में आएगा संशोधित वक्फ बिल




*बिल में गैर-मुस्लिमों को बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार जल्द ही वक्फ बोर्ड संशोधन बिल संसद में पेश करेगी। यह बिल बजट सत्र के दूसरे भाग में लाया जाएगा। कैबिनेट ने पिछले हफ्ते इसे मंजूरी दे दी है। यह बिल लोकसभा में पहले ही पेश हो चुका है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश किया था। इसके बाद इसे संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया था। जेपीसी ने पिछले महीने इस बिल पर अपनी रिपोर्ट दी। रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया गया। विपक्ष के सभी 11 सदस्यों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने अपनी असहमति भी दर्ज कराई थी। जेपीसी की ज्यादातर सिफारिशों को इसमें शामिल किया गया है। एनडीए के सहयोगियों के सुझाव भी मान लिए गए हैं। रिपोर्ट में 'वक्फ-बाय-यूजर' को लेकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। वक्फ-बाय-यूजर उन संपत्तियों को कहते हैं जिनका धार्मिक या दान के कामों में लंबे समय से इस्तेमाल हो रहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बिल पर विपक्ष कर रहा विरोध

यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ा है। इसमें कई बदलाव प्रस्तावित हैं। इन बदलावों का मकसद वक्फ संपत्तियों का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना है। सरकार का कहना है कि इससे पारदर्शिता आएगी और दुरुपयोग रुकेगा। विपक्ष को लगता है कि इससे अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन होगा। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का भी विरोध हो रहा है। विपक्ष का कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड का स्वरूप बदल जाएगा।

वैज्ञानिकों ने जताई चिंता : इस जनवरी में छिंदवाड़ा में मामलों का पता लगा

## भारत में पहली बार घरेलू बिल्लियों में सामने आए 'बर्ड फ्लू' के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में बर्ड फ्लू के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से घरेलू बिल्लियों में बर्ड फ्लू (एच 5एन1) का टेस्ट पॉजिटिव आया है। इसके बाद चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि यह वायरस इंसानों को भी संक्रमित कर सकता है।

एक वैज्ञानिक ने बताया कि एच 5एन1आमतौर पर पक्षियों में पाया जाने वाला वायरस है, लेकिन कुछ बदलावों के कारण यह स्तनधारियों में भी फैल सकता है। आईसीएआर- अनआईएचएसएडी और केंद्र सरकार के पशुपालन विभाग के वैज्ञानिकों ने इस जनवरी में छिंदवाड़ा में ▶▶ शेष पेज 4 पर



◆ दिसबंर में बर्ड फ्लू से कई बड़ी बिल्लियां मर गई थीं

प्रशासन ने दिए सख्त आदेश

### पोल्ट्री प्रोडक्ट्स की बिक्री और ट्रांसपोर्टेशन एक महीने बैन

कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत सख्त आदेश जारी किए हैं। इसके तहत संक्रमित पोल्ट्री फॉर्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां पर सभी तरह की चिकन शॉप और पोल्ट्री फार्म बंद रहेंगे। इतना ही नहीं दस किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र भी घोषित किया गया है। सभी पोल्ट्री फार्म, बैकयार्ड पोल्ट्री, चिकन शॉप और अंडे की दुकानों ▶▶ शेष पेज 4 पर

तेज रफ्तार का कहर... दो सड़क हादसों में छह लोगों की गई जान

## सागर में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्री समेत 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के कर्रापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम तिंसुआ के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बुधवार रात का है। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।



मंदिर दर्शन कर घर लौटते समय हुआ हादसा

पुलिस के मुताबिक, सेमरादांत निवासी हेतराम पटेल (45) अपनी बेटी प्रीति (18) और गांव के ही अंकित लोधी (19) के साथ बाइक पर सवार होकर सागर आए थे। उन्होंने बेटी का पेट दर्द का इलाज कराया और फिर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खाई में गिरी पिकअप 3 की मौत, 27 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना इलाके के महगवां में एक पिकअप में सवार होकर एक ही परिवार के 30 लोग सगाई करने मंडला जा रहे थे। इस दौरान वाहन अनियंत्रित होकर 4 फीट नीचे गड्ढे में गिर गया, जिसमें महिला समेत तीन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना में 27 लोग घायल हैं। जान गवाने वालों में महिला और 2 बच्चे शामिल हैं। वहीं घायलों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।



शरीर पर चोट के निशान पाए गए

## युवकों की प्रताड़ना से परेशान होकर 12वीं की छात्रा ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पोहरी में 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजन ने दो युवकों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। साथ ही छात्रा के साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई है।

17 वर्षीय छात्रा पोहरी में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। 25 फरवरी को परीक्षा देकर वह गांव लौटी थी। इसके अगले दिन बुधवार को उसने फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्रा के छोटे भाई ने बताया कि दो युवक बहन को लंबे समय से परेशान कर रहे थे।

परिजन ने छात्रा के साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई



मर्चुरी के बाहर परिजन

छात्रा का छोटा भाई भी उसी के साथ पोहरी में किराए के कमरे में रहता था। वह 6वीं कक्षा का छात्र है। जिन दो युवकों पर आरोप लगाए हैं, वह भी उसी मकान में किराए से रहते हैं। छात्रा ने 20 फरवरी को कुछ गोलियां खाकर आत्महत्या की कोशिश की थी। तब हालत बिगड़ने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया था। 21 फरवरी को हालत में सुधार के बाद उसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

गिरफ्तारी की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

एफआईआर दर्ज हुए बिना कोर्ट का खटखटा सकते हैं दरवाजा

## जीएसटी और कस्टम एक्ट के तहत गिरफ्तार लोगों पर भी बीएनएसएस और सीआरपीसी प्रावधान होंगे लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने जीएसटी, सीमा शुल्क और एफआईआर से संबंधित मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान गुड और सर्विस एक्ट तथा सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है और व्यक्ति गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालत जा सकता है, भले ही उसके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज न हुई हो।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश तथा न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अदालत ने कहा है कि अगर गिरफ्तारी की आशंका है, तो पक्षकार राहत के लिए एफआईआर दर्ज हुए बिना कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के संबंध में जीएसटी विभाग द्वारा जारी परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।




### 2018 में दायर हुई थी याचिका

कोर्ट ने कहा कि जीएसटी तथा सीमा शुल्क अधिनियमों के तहत संभावित गिरफ्तारी का सामना कर रहे व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज होने से पहले भी अग्रिम जमानत लेने के हकदार हैं। फैसले का इंतजार है। मुख्य याचिका 2018 में राधिका अग्रवाल द्वारा दायर की गई थी।

### गिरफ्तार लोगों पर भी यही प्रावधान लागू होंगे

इन याचिकाओं में कहा गया था कि ये दंड प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी तथा संविधान के साथ असंगत हैं। फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीआरपीसी तथा उसके बाद के कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान सीमा शुल्क तथा जीएसटी ▶▶ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री ने दंगवाड़ा में की बोरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख-समृद्धि

## डॉ. यादव सपत्नीक बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक चंबल नदी तट पर स्थित अति प्राचीन बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की ग्राम पंचायत दंगवाड़ा स्थित 4 हजार वर्ष से अधिक प्राचीन बोरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजन एवं जलाभिषेक पंडित जगदीश शर्मा, नमन शर्मा ने विधि-विधान से संपन्न कराया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर मे उपस्थित जन समूह को संबोधित किया और जिला पंचायत सीईओ जयती सिंह को सभी मांगों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिशित करने के निर्देश दिए।



## सीएम दमोह के नोहटा में श्री नोहलेश्वर महोत्सव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दमोह के नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव में महाशिवरात्रि महापर्व पर उज्जैन से देर रात 11.15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदि और अंत महादेव है। सुंदर और सत्य महादेव है। सृजन और संहार महादेव है। सनातन के आधार महादेव है और हमारे महादेव की शक्ति हैं आदिशक्ति जगदंबा माता पार्वती। मैं गौरीशंकर के चरणों में शीश झुकाता हूं।

**भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ सफल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री महाकाल महाराज की उज्जयिनी से नोहटा में विराजे भगवान श्री नोहलेश्वर महादेव को मैं प्रणाम करता हूं। ऐसी कृपा हुई भगवान भोलेनाथ की मुझ पर कि आज नोहलेश्वर महाराज ने भी मुझे अपनी शरण में बुलाया और बाबा महाकाल ने भी। भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ है। भोलेनाथ के आशीर्वाद से हम मप्र की प्रगति का नया अध्याय लिख रहे हैं। विरासत को सहेज कर विकास का रथ दौड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुत समय से सभी की इच्छा थी कि यहां महाशिवरात्रि महापर्व पर महोत्सव का आयोजन हो। बेहद प्रसन्नता की बात है कि इस बार 10 दिन का महोत्सव आयोजित हो रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दमोह से धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान निर्माण के लिए तीन करोड़ स्वीकृत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए राशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर जिले में उनकी जन्मभूमि चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

### चीता प्रबंधन के लिए 8 करोड़ 90 लाख रुपए की बजट स्वीकृति

**भोपाल।** वन विभाग ने चीतों के प्रबंधन वित्तीय वर्ष 2024-25 से वर्ष 2026-27 के लिए राशि 8 करोड़ 90 लाख की अनुमानित सीमा मान्य कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति कैबिनेट ने दी है। शासन स्तर से इसके आदेश भी 18 फरवरी को जारी कर दिए हैं। आदेश में भारत सरकार से आवंटन की प्रत्याशा में उपरोक्त योजना में कोई राशि व्यय की जाती है, तो भारत सरकार से राशि प्राप्त होने पर वन विभाग के राजस्व प्राप्ति मद में ऐसे व्यय के समतुल्य राशि जमा कराई जाएगी।

### जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

# आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र, मप्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राज्य सरकार की ओर से खनन के क्षेत्र में सतत विकास हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 55 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रिय नीतियों से खनन क्षेत्र निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य खनन उद्योग में देश का अग्रणी केन्द्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### राज्य सरकार ने खनन क्षेत्र में अपनाई उत्कृष्ट और दूरदर्शी नीतियां

**खास बातें**

- मप्र को खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां मिली
- खनन क्षेत्र में अग्रणी बनेगा मध्य प्रदेश



### जीआईएस में निवेश करने वाली कंपनियां और उनके क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनन क्षेत्र में देश की लीडिंग कम्पनियों ने रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप, रीवा, जबलपुर में, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड उज्जैन में, ऑरो कोल प्रायवेट लिमिटेड शहडोल में, आदित्य बिड़ला, ईएमआईएल माइंस एण्ड मिन रेस लिमिटेड रीवा में, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप रीवा में, स्टॉक्स वर्क्स प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर में, सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड शहडोल में, जेके सीमेंट लिमिटेड शहडोल में, प्राइम-4 इंस्पेक्शन एलएलसी भोपाल में, रेकन केमिकल्स इंदौर में, बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड रीवा में और रामदास वर्मा एण्ड कम्पनी शहडोल में खनिज के क्षेत्र में कार्य करेगी।

### कॉपर, मैग्नीशियम अयस्क हीरा उत्पादन में मप्र प्रथम


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कॉपर अयस्क, मैग्नीशियम अयस्क और हीरे के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यह देश का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, जो खनन उद्योग में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रदेश रॉक फॉस्फेट में दूसरा, चूना पत्थर में तीसरा और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संसाधन विकास में सहायक है।

### खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वर्ष 2023 में 85 खनन ब्लॉकों की रिकॉर्ड नीलामी कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मप्र को जुलाई-2022 में भारत सरकार की ओर से खनिज नीलामी में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही लौह-अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के खनिज नीलामी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मप्र को वर्ष-2024 में दूसरे राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनन ब्लॉक नीलामी और सक्रिय खनन पहल के सम्मानित किया गया है। यह राज्य की खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है।*

# आज मुख्यमंत्री करेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 28 फरवरी को मप्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री विद्यार्थियों के लिए आयोजित वर्कशॉप का अवलोकन कर उनसे संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को ऑनलाईन माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संबोधित करेंगे। प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल होंगे। भारत सरकार की ओर से इस वर्ष कार्यक्रम की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व में भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। प्रदेश के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान एवं अन्य संस्थाएं भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर पूरे राज्य में विज्ञान दिवस समारोह, कार्यशालाएं, वैज्ञानिक-सत्र, संवाद, विज्ञान आधारित प्रतियोगिताएं एवं अनुसंधान टेक्नोलॉजी पर आधारित गतिविधियां संचालित होंगी।

### पूरे मप्र में मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

*विज्ञान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान भवन, नेहरू नगर में सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, संचालक हिन्दी ग्रंथ अकादमी अशोक कडेल, निदेशक विक्रमादित्य शोधपीठ संस्थान एवं संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और महानिदेशक, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी भी उपस्थित रहेंगे।*

# स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया का किया अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन करने का आदेश जारी किया है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, डीसीआई के सदस्य और कार्यकारी समिति के सदस्य राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर जारी किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष के कार्यों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन कर सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर कोई अन्य आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. दिवाकर मूढौतिया राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल स्टूडेंट एण्ड डेंटल सर्जन एसोसिएशन ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने डेंटल सर्जन एवं छात्रों के हित में बहुत सरानीह कार्य किया है।

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया आदेश

# आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा अब 7 मार्च को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कर्मचारी चयन मंडल की मध्यप्रदेश आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा 28 फरवरी को आयोजित होना था, लेकिन इस परीक्षा को स्थगित कर नई तारीख 7 मार्च 2025 तय कर दी गई है।

मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के 660 पदों भर्ती के लिए न्यायालय याचिका के कारण ऑनलाइन प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है, इसके आवेदन 21 से 25 फरवरी तक होना थे, इसके कारण परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अब परीक्षा 7 मार्च 2025 से शुरू होगी। इस संबंध में नई सूचना जारी कर दी गई है। जारी सूचना में कहा गया है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल (मप्र) के तहत पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा में उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर द्वारा याचिकाकर्ताओं को उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र जमा करने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। इस लिए उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में अब भर्ती परीक्षा 7 मार्च को होगी।

- 28 को होने वाली परीक्षा के समय में बदलाव

### उमरिया में राज्यपाल ने हितग्राहियों से किया संवाद

# जनजातीय परिवार बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें

*◆ बेटे के साथ बेटी को भी शिक्षित करने का आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातियों के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की ओर से अनेक महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनजातियों को सीधे तौर पर इनका लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे जनजातीय समुदाय सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

राज्यपाल पटेल उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बैगा समुदाय के हितग्राहियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रगति के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। जनजातीय समुदाय के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में कार्य करना सबसे महत्वपूर्ण हैं। बेटे के साथ-साथ बेटी को भी शिक्षित करें, तभी हम प्रगति की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार ने पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### टंगराटोला के तीसरी कक्षा के बच्चों से किया संवाद

*राज्यपाल पटेल ने उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा के प्राथमिक शाला भवन टंगराटोला के कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताया तथा उन्हें व्यायाम करने, मोटा अनाज, मिलेट्स का सेवन करने, ज्यादा से ज्यादा पानी पीने एवं भरपूर नींद लेने की बात कही। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मप्र के राज्यपाल अर्थात स्वयं के नाम भी पूछा। राज्यपाल के पूछे गए प्रश्नों के बच्चों से सटीक जवाब सुनकर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की।*

### राज्यमंत्री गौर ने शुभारंभ कर जताई खुशी



# विंध्याचल भवन में होगा पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के दो विभागीय कार्यालय पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग का अभी तक कोई कार्यालय नहीं था। पिछले कई सालों के उक्त विभागों के गठन के बाद से अपना अलग से कार्यालय नहीं होने कामकाज प्रभावित होता था। हालांकि अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने विन्ध्याचल भवन में ग्रामीण विकास का कार्यालय रिक्त होने पर कुछ फर्नीचर समेत कार्यालय देने के लिए संबंधित विभागों को राजी कर लिया। इसके बाद गुरुवार को इस कार्यालय शुभारंभ कर दिया गया।

**सेवानिवृत्ति के पूर्व कार्यालय शुरू होने पर एसीएस केसरी ने जताई प्रसन्नता**

### सरलता से होंगे काम

*शुभारंभ के मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने विंध्याचल भवन में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमंतु, अर्ध-घुमंतु कल्याण विभाग के कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब विभाग सरलता से कार्य कर सकेगा। कार्यालय विंध्याचल भवन में द्वितीय तल पर शुरू हुआ है। एसीएस केसरी ने कहा कि काफी समय से वे अपना कार्यालय नहीं होने पर दिक्कत महसूस कर रहे थे। अब जाकर उन्हें सफलता मिली है। हालांकि एक दिन बाद ही उनकी सेवानिवृत्ति है। किंतु कार्यालय शुरू होने की खुशी है।*



### जेपी अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे कुत्तों के काटने के 100 से ज्यादा पीड़ित

# कोई तो बचाओ शहर में घूम रहे खूंखार कुत्तों से: सुबह 6 बजे से लग रही रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की पॉश कॉलोनी हो, स्लम क्षेत्र की गली हो या फिर चौराहा, यहां पर घूमने वाले आवारों कुत्तों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शहर की अधिकांश जगहों पर आवारा कुत्ते इतने खूंखार हो गए हैं कि वे रोजाना 150 से अधिक लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसके बाद भी प्रशासन कोई सुध नहीं ले रहा है। सवाल यह है कि इन खूंखार कुत्तों से शहरवासियों को कौन बचाएगा।

गुरुवार को जेपी अस्पताल में 100 से ज्यादा पीड़ित एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे। आलम यह था कि सुबह 6 बजे से ही अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने वालों की लाइन गई थी। सुबह 10 बजे तक तो लाइन इतनी लंबी थी कि लोग वार्ड के बाहर तक खड़े थे। भेल से आई एक 10 साल की मासूम ने बताया कि उसे कुत्ते ने काट लिया। इंजेक्शन लगवाने डेढ़ घंटे लाइन में लगना पड़ा। कुत्तों के काटनों वालों में 40% बच्चे थे। हमीदिया में भी 20 लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे।

**कुत्तों के काटने वालों में 40 फीसदी बच्चे**

**मरीजों की भीड़ इतनी कि रेबीज इंजेक्शन लगवाने डेढ़ घंटे बाद आया नंबर**

### कवर्ड मीट मार्केट नहीं बन पाया

शहर में जगह-जगह खुले में मांस बेचने की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नगर निगम पिछले तीन सालों से कवर्ड मीट मार्केट बनाने की कवायद कर रहा है लेकिन आज तक न तो अवैध मीट मार्केट बंद किए गए और न ही इन पर नियंत्रण किया गया। यादगार ए शाहजहांनी पार्क के पास कवर्ड मीट मार्केट बनाने की योजना थी, लेकिन अब तक हुआ कुछ भी नहीं।

### यहां से आ रहे ज्यादा केस

जेपी अस्पताल की इमरजेंसी के डॉक्टरों ने बताया कि चार इमली, मिसरोद, भेल, बैरागढ़ व लालघाटी के बीच, भीम नगर, अन्नानगर, सोनागिरी, ग्यारह सौ क्वार्टर, पंचशील नगर, साकेत नगर, राजीव नगर, कोलार, कमला नगर थाने के पास, शक्ति नगर, पीएनटी चौराहा के असापास, नया बसेरा से ज्यादा मरीज आते हैं।

## स्ट्रीट डॉग पकड़ने के नगर निगम के सारे प्लान फेल





जेपी अस्पताल में गुरुवार सुबह-सुबह से ही लग गई थी इंजेक्शन लगवाने आए पीड़ितों की कतार।

### मांस की अवैध दुकानें कुत्तों को कर रही खूंखार

शहर के कुत्तों के खूंखार होने की मुख्य वजह एक हजार से भी ज्यादा अवैध मांस की दुकानों का संचालन होना है। नगर निगम इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता। शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले में मांस का विक्रय हो रहा है। मांस के चीथड़े इन कुत्तों को डाल दिए जाते हैं। इस कारण कई बार यह इंसानों पर भी हमला करने से नहीं चूकते। मीट की दुकानें राजधानी के हर गली-मोहल्ले और बाजारों में हैं।

### अभियान चलाएंगे

मांस की अवैध दुकानों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। कई स्थानों पर कवर्ड मीट मार्केट बनाने की भी तैयारी है।

**मालती राय**, महापौर

### कुत्तों पर खर्च हो रहा साढ़े तीन करोड़ रुपए का बजट

राजधानी में आवारा कुत्तों से जुड़ी समस्या से निपटने के लिए सरकारी सिस्टम सालाना 3.30 करोड़ रुपए नगर निगम खर्च कर रहा है। दो करोड़ रुपए एबीसी और कुत्तों के वेक्सीनेशन पर खर्च हो रहे हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज के वेक्सीनेशन पर औसतन सालाना एक करोड़ रुपए स्वास्थ्य विभाग अलग खर्च कर रहा है।

### टीका तीन वर्ष तक कारगर

कुत्ता काटने के तुरंत बाद ही पीड़ित को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा लेना चाहिए। अगर किसी कारण नहीं लगवा पाएं तो 72 घंटे में हर हाल में लगवा लें, अन्यथा संक्रमण फैल जाता है। एक टीका तीन वर्ष तक काम करता है। कुत्ता काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में कतई न पड़ें।

**डॉ. धीरज शुक्ला**, मेडिसिन विशेषज्ञ

### करोड़ों का घोटाला हो रहा

निगमायुक्त और महापौर से बार-बार निवेदन करने के बावजूद इस मामले की जांच नहीं कराई जा रही है। कुत्ते पकड़ने के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए का टेंडर घोटाला हो रहा है। शहर की जनता कुत्तों का शिकार हो रही है।

**गुड्डू चौहान**, कांग्रेस पार्षद

### फूल तोड़ रही मासूम को कुत्तों ने काटा



**मामला 1**

भेल के विकास नगर में रहने वाली 10 वर्षीय मासूम शुभाक्षी राजोरिया में मंदिर में फूल चढ़ाने के लिए घर के बाहर लगे पेड़ से फूल तोड़ रही थी। तभी तीन-चार कुत्तों ने मूासम पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से बालिका के पैर में कई जगह घाव हो गए। कुत्तों के दांतों से हुए गहरे घाव वजह से परिजन उसे जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजन ने बताया कि बस्ती में हर दिन 10 से 15 घटनाएं हो रही हैं।

### मार्निंग वॉक पर जा रहा था, कुत्तों ने घेरा



**मामला 2**

शिवाजी नगर निवासी जितेंद्र रोजाना की तरह सुबह मार्निंग वॉक पर गए थे। घूमने के दौरान नूतन कॉलेज के पास चार से पांच कुत्ते पीछे से आए और मेरे ऊपर झूम गए। एक कुत्ते ने पैर में काट लिया। कई बार शिकायत की, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**घर की टंकी में डुबोकर की थी मासूम की हत्या**

## एक माह की बेटी की हत्यारिन मां अब उम्रभर रहेगी कैद में...

**कोर्ट ने की यह भी टिप्पणी...**

*नवजात बालिका की अकारण हत्या जैसा दुस्साहस पूर्ण कृत्य जननी और तनया (पुत्री) के मध्य स्थापित पवित्र रिश्ते की मर्यादा एवं महत्ता को न केवल छिन्न-भिन्न करने वाला है, अपितु उसके शरीर के साथ-साथ उसकी आत्मा के विरुद्ध किया गया एक अक्षम्य अपराध भी है...*



विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मात्र एक माह उम्र की नवजात बेटी की गला घोंटकर हत्या करने वाली कलयुगी माता सरिता मेवाड़ा को अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने गुरुवार को भादसं की धारा- 302 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया द्वारा पैरवी की गई। फैसला सुनाए जाते समय आरोपी महिला को जेल से कोर्ट में पेश किया गया था। न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने फैसले में उल्लेखित किया है कि वर्तमान मे पुत्रियां सभ्यता, सस्कृति व राष्ट्र निर्माण का सशक्त हस्ताक्षर हैं।

वर्तमान मे भारत जैसे विकसित राष्ट्र मे पुत्रियों को साहस, सृजन, सेवा,सभ्यता, सौंदर्य एवं शक्ति के पुंज के रूप मे देखा जा रहा है। न्यायाधीश ने फैसले में उल्लेखित किया कि रविन्द्र नाथ टैगोर को यहां उद्धहरित करना आवश्यक होगा, जो यह कहते हैं कि जब एक पुत्री का जन्म होता है तो यह इस बात का निश्चायक सबूत है कि ईश्वर मानव जाति से अप्रसन्न नहीं है, क्योंकि ईश्वर पुत्रियों के माध्यम से स्वयं को साकार रूप देता है। एक माह की नवजात बालिका की अकारण हत्या किए जाने जैसा दुस्साहस पूर्ण कृत्य जननी और तनया (पुत्री) के मध्य स्थापित पवित्र रिश्ते की मर्यादा एवं महत्ता को न केवल छिन्न-भिन्न करने वाला है, अपितु एक दुग्धपान करती हुई नवजात बालिका जो उसकी माता पर पूर्णतः आश्रित है, उसके शरीर के साथ-साथ उसकी आत्मा के विरूद्ध भी किया गया एक अक्षम्य अपराध है।

### 16 सितंबर 2020 को घर की ही पानी की टंकी में मिला था बच्ची का शव

16 सितंबर 2020 को सुबह 11 बजे ग्राम डेहरिया कलां खजूरी सड़क निवासी सचिन मेवाड़ा की मात्र एक माह की नवजात बेटी गुम हो गई थी। दिनभर तलाशने के बाद शाम 5 बजे बच्ची का शव उसी के घर की पानी की टंकी में मिला था। मृतका के पिता सचिन मेवाड़ा ने अपनी पत्नी सरिता से पूछा तो वह रोने लगी एवं बोली कि उसने ही अपनी बेटी को पानी की टंकी में डालकर ढक्कन बंद कर दिया था। सरिता ने सोचा था कि उसे लड़का होगा,किंतु लड़की हुई तो उसे लड़की से कोई प्रेम नहीं था। वह जब-जब उसे देखती थी तो अपने आप को कोसने लगती थी। इसलिये उस समय घर में कोई नहीं होने का मौका पाकर बेटी को पानी की टंकी में डालकर ढक्कन बंद कर दिया और डर के कारण किसी को यह बात नहीं बतायी। उक्त घटना के आधार पर पुलिस थाना खूजरी सड़क ने जांच के उपरान्त आरोपिया के विरूद्ध अपराध क्रमांक 451/2020 धारा -302 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर अन्वेषण के दौरान घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर सम्पूर्ण विवेचना उपरान्त अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

## मुस्कान चिल्ड्रन अस्पताल पर लगा दो हजार का स्पॉट फाइन

**भोपाल।** नगर निगम के जोन चार के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने काजी कैंप, डीआइजी बंगला क्षेत्र में मेट्रो रेल हेतु लगाए गए बैरिकेट्स में अस्पताल का कचरा फेंकने वाले मुस्कान चिल्ड्रन एंड जनरल अस्पताल के संचालक पर दो हजार रुपए का स्पॉट फाइन ठोका है। इसके अलावा अन्य जोन क्षेत्रों में निगम के दलों ने 318 प्रकरणों में 44 हजार 250 रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए जोन 10 के अमले ने एक प्रकरण में दो हजार रुपए, जोन 16 के अमले ने दो प्रकरण में 200 रुपए सहित कुल तीन प्रकरणों में दो हजार 200 रुपए की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निमार्ताओं से अपील की है कि वे भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- निगम ने बनाए 318 प्रकरण, वसूले 44 हजार रुपए

**आगामी माह के दूसरे सप्ताह से गर्मी अधिक तेजी से बढ़ेगी**

## मिले-जुले मौसम के साथ होगी मार्च की शुरुआत शुरू में गर्मी, होली पर भीग सकते हैं बारिश में

- गर्मी में तेज उछाल, पारा 33 डिग्री के करीब, सर्द हवाएं दे रही राहत
- पूरे प्रदेश में बढ़ रही नमी, आज भी छाएंगे बादल रात का पारा और बढ़ेगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को फरवरी के अंतिम दिन तक मौसम में बदलाव रहा। मार्च महीने की शुरुआत भी मिले-जुले मौसम के साथ ही पहले सप्ताह में गर्मी रहेगी। पारा 33 से 35 डिग्री तक जाएगा। इसके बाद 12 से 14 मार्च के करीब पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर की नमी भोपाल सहित कुछ जिलों में बारिश भी कर सकती है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मार्च की शुरुआत ऐसी ही होगी, लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी अधिक तेजी से बढ़ेगी। इससे पहले एक से दो दिन बारिश और बादलों का असर रहने की उम्मीद है। गुरुवार को राजधानी सहित पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़त रही। गर्मी की तेज उछाल के साथ शाम से हवाओं में घुली ठंडक लोगों को राहत दे रही है। यह क्रम शुक्रवार को भी चलेगा। प्रदेशभर में नमी बढ़ने से आज भी भोपाल सहित कई जिलों में बादल छाएंगे। इससे रात के तापमान में कुछ और वृद्धि होगी। गुरुवार को भोपाल में दिन और रात का पारा दो-2 डिग्री बढ़कर क्रमशः 32.8 और 14.4 डिग्री रहा है। दिन का पारा नॉर्मल से 2 डिग्री अधिक रहने से दिन में पसीने वाली गर्मी महसूस की गई।

### प्रदेश में औसत पारा 33 डिग्री

गुरुवार को प्रदेशभर में दिन के औसत तापमान में तेजी से बढ़त रही। सबसे अधिक दिन का पारा 5 डिग्री बढ़कर 35 डिग्री रहा। वहीं, प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान दमोह में 35.5 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक रहने से गर्मी का असर बढ़ा हुआ महसूस किया गया। रात में भी गुलाबी सर्दी का असर कम रहा। सबसे कम रात का पारा पचमढ़ी में 10.2 डिग्री और सबसे गर्म रात इंदौर की रही। यहां पारा 17.8 डिग्री दर्ज हुआ।

**आठ मार्च से दोबारा होंगी शराब दुकानें नीलाम**

# नए सिरे से होंगे 87 शराब दुकानों के ठेके, 80 फीसदी दुकानदारों ने नहीं कराया रिन्यूवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ 49 दुकानदारों ने दी थी रिन्यूवल की सहमति, प्रक्रिया को किया निरस्त

जिले में 35 समूहों में बंटी सभी 87 शराब दुकानों के ठेकों के लिए अब नए सिरे से ई-टेंडर बुलाए जाएंगे। सभी शराब दुकानों के लिए अब 4 मार्च से ई-टेंडर की नई प्रक्रिया शुरू होगी और 8 मार्च को दोपहर 12 बजे तक जाएंगे। इसी दिन दोपहर ढाई से 5 बजे के बीच नीलामी होगी। नई आबकारी नीति के तहत राजस्व के 80%दुकानों के समूह गुरूवार को नीलाम नहीं हो सके, जिससे अब तक की गई कार्यवाही को भी निरस्त कर दिया गया। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा का कहना है कि नए सिरे होने वाली नीलामी के लिए सभी दुकानों के समूहों का दोबारा गठन होगा, जिसमें समूहों की संख्या घट सकती है।

भोपाल के 19 समूहों में बंटी 49 दुकानों के रिन्यूवल आवेदन पहले ही मिल गए थे। वर्तमान ठेकेदारों ने ही इन दुकानों को 20% अधिक रेट पर लेने का आवेदन दिया था। गुरुवार को शेष बचे 16 समूहों की 38 दुकानों की लॉटरी से नीलामी होनी थी। लॉटरी खोली गई तो शेष 16 में से केवल 6 समूहों के लिए ही 10 आवेदन मिले। विभाग को 19 समूह के रिन्यूवल से 607 करोड़ और 6 समूह की नीलामी के आवेदन से केवल 175 करोड़ 85 लाख के प्रस्ताव मिले। जिससे जिले में केवल 25 समूहों के लिए 782 करोड़ के प्रस्ताव आए।




### इन शराब दुकान समूहों के लिए नहीं आए आवेदन

अरेरा कॉलोनी, आरएस मार्केट, सीहोर नाका, पीएंडटी चौराहा, बस स्टैंड, लालघाटी, बैरागढ़, बैरसिया, हमीदिया रोड, बिलखिरिया, जबकि कोकता के 5 आवेदन 12 करोड़ 79 लाख, एमपी नगर का 1 आवेदन 58 करोड़ 74 लाख, न्यू मार्केट का 1 आवेदन 34 करोड़, गोविंदपुरा का 1 आवेदन 27 करोड़ 60 लाख, पुल बोगदा का 1 आवेदन 22 करोड़ 44 लाख और पटेल 1 आवेदन 20 करोड़ 27 लाख का आवेदन जमा किया गया।



# हिड़मा के पीएलजीए बटालियन मेंबर समेत 9 नक्सलियों का समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सल कमांडर हिड़मा के पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय 8 लाख के इनामी व 5-5 लाख रुपए के इनामी तीन एरिया कमेटी मेंबर समेत 9 नक्सली बीजापुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल रहे हैं। सक्रिय नक्सलियों के लगातार समर्पण से नक्सल संगठन कमजोर होता जा रहा है। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर स्वच्छंद रूप से पारिवारिक जीवन जीना चाहते हैं। पीएलजीए बटालियन में सक्रिय रूप से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में कार्यरत 8 लाख रुपए के इनामी पार्टी सदस्य, एओबी डिविजन में कार्यरत 5 लाख के इनामी, जगरगुण्डा एरिया कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में कार्यरत 5-5 लाख रुपए के इनामी 2 एरिया कमेटी मेंबर पर कुल 23 लाख रुपए का इनाम घाषित था। इन चार इनामी माओवादियों समेत 9 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। समर्पित अन्य नक्सलियों में मिलिशिया सेक्शन प्लाटून सदस्य, सीएनएम उपाध्यक्ष, जनताना सरकार सदस्य, मिलिशिया प्लाटून सदस्य प मिलिशिया सदस्य शामिल है। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपए नगद राशि प्रदान किया गया। नक्सलियों ने सीआरपीएफ डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी केरिपु सुनिल कुमार राही, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, कमांडेंट 205 बटालियन कोबरा नरेश पनवार, कमांडेंट 210 कोबरा अशोक कुमार, एएसपी नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, एएसपी युलैण्डन यार्क, डीएसपी नक्सल ऑप्स सुदीप सरकार व डीएसपी डीआरजी विनीत साहू के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

समर्पण व गिरफ्तारी से नक्सल संगठन हो रहा कमजोर वर्ष 2024 में माओवादी कैडर के छोटे-बड़े 189 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

Rs/444/0744/31/2025
प्रकरण कं..........
इश्तहार

आवेदक सिद्धार्थ कपूर वेंचर प्रा.लि. द्वारा डॉ. सुनील कपूर आ. स्व. आर.एन. कपूर निवासी ई-3/4 ए अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा ग्राम सलैया स्थित खसरा नंबर 298/1/1 रकवा 0.3638 हे. में से 0.1642 हे. भूमि का बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 28/03/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला-भोपाल**

## जैकेट का शेष

### 'सफाईवीरों' की सैलरी...

के खाते में रुपए भी भेजे जाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अस्थायी स्वास्थ्य कर्मचारियों को सीधे बैंक हस्तांतरण दिया जाएगा और उन सभी को स्वास्थ्य कवरेज के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे बेहतर कल्याण और सहायता सुनिश्चित होगी। योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया।

### यह भारत की विकास...

एकता की ये अविरल धारा, ऐसे ही बहती रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है 'विकसित भारत' का। उन्होंने इस आयोजन को एकता का महाकुंभ करार देते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग इस महाकुंभ में एक हो गए। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

### नानाजी ने अपने...

अवसर पर शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीनीकृत राम दर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। शाह ने मूर्तिकारों का सम्मान भी किया। शाह ने कहा कि नानाजी ने राजनीति के इतर समाज सेवा सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेते हुए एकात्म मानववाद को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया। वे समाज से बुराई को दूर करते रहे, लेकिन कभी किसी बुराई को स्वयं तक नहीं आने दिया। उनके आदर्श एक सदी तक राजनीतिज्ञों के लिए आदर्श बनकर रहेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख लगभग एक ही काल खंड में जन्मे थे। भारत के विकास को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण से जोड़कर देखा था। एकात्म मानववाद का विचार कैसे जमीन पर उतरेगा एक समय में लोग इसे असंभव समझते थे। समारोह में पूज्य अचलानंद महाराज, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, सतना सांसद गणेश सिंह, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ. भरत मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष डीआरआई निखल मुंडले सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में साधु-संत एवं नानाजी के अनुयायी उपस्थित थे।

### नानाजी ने गांवों में ...

देसाई ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया तो नानाजी ने बड़ी विनम्रता से मना कर दिया था। नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी। कथावाचक पूज्य मुरारी बापू ने नानाजी के साथ बिताए समय को याद किया। उन्होंने कहा कि नानाजी ने सबसे पहले चित्रकूट में रामदर्शन की स्थापना की थी और आज इसे नया रूप दिया जा रहा है। यह दिन राष्ट्र ऋषि नानाजी को श्रद्धांजलि देने का दिन है। नानाजी ने रामकथा के साथ रामदर्शन तो कराया ही, लेकिन हम सबको ग्राम दर्शन भी कराया है। पूज्य बापू ने रामचरित मानस का उदाहरण देते हुए राम राज्य की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीराम ने अपने भाई भरत को राम राज्य के लिए 4 बातें बताई थीं। पहला साधु मत, दूसरा लोकमत, तीसरा राजनीतिक मत और चौथा सनातन वैदिक मत। नानाजी के जीवन में यह चारों बातें समाहित थीं।

### भोजपुरी, ब्रज और ...

है। गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपे जाने का विरोध किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी मुखौटा है। संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है। मगर तमिलनाडु भाषा को थोपने की अनुमति नहीं देगा। स्टालिन ने तमिल और अपनी संस्कृति की रक्षा करने की कसम खाई।

**हिंदी को थोपने का आरोपः** डीएमके ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका खंडन किया है। अपने पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी कई उत्तर भारतीय भाषाएं हिंदी के वर्चस्व की वजह से खत्म हो गई।

### त्रि-भाषा फॉर्मूले...

को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राजस्थान में उर्दू प्रशिक्षकों के बजाए संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। अगर तमिलनाडु त्रि-भाषा नीति को अपनाता है तो मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

### वर्ल्ड चैंपियन ...

हिसार के महिला थाने की एसएचओ सीमा ने गुरुवार को बताया, 'स्वीटी बूरा द्वारा अपने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई है।' जब हुड्डा के खिलाफ आरोपों के बारे में पूछा गया तो महिला थाने की एसएचओ ने बताया कि 'अधिक दहेज के लिए' प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए। बूरा द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए सीमा ने कहा, 'एक लग्जरी कार की मांग की गई थी और उसे पूरा भी किया गया लेकिन उसका पति उसे पीटता है, साथ ही पैसों की भी मांग करता है।'

### महिला ने 'बेटे'...

निवासी शोएब के परिवार की थी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों परिवारों को उनके सही बच्चे मिले। ज्ञान सिंह की सास जमना बाई ने बताया कि पहले सभी ने बेटा होने की बात कही। लेकिन बाद में बेटी दे दी गई। शोएब के साथ आए सैयद वाजिद ने कहा कि जिला अस्पताल में यह पहली बार नहीं हुआ है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की। सीएमएचओ डॉ. राजेश सिसौदिया ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद बच्चों के फुट प्रिंट लिए जाते हैं। फिर भी ऐसी लापरवाही हुई। उन्होंने मामले की जानकारी ली है और संबंधित स्टाफ को नोटिस जारी करने की बात कही है।

### एरियर भुगतान के...

बाबू अलताफ खान ने राशि की भुगतान के लिए 5 प्रतिशत का कमीशन मांगा था। जिसकी शिकायत मृतक के बेटे अभिनव दांडेकर ने इसकी शिकायत इंदौर लोकायुक्त में कर दी। लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत भवन में सामाजिक न्याय और निशक्त विभाग में क्लर्क को 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में नहीं...

छात्रा ने बताया कि एग्जाम देने का समय 8:45 का था मैं 8:22 पर ही स्कूल पहुंच गई थी फिर भी मुझे और अन्य बच्चों को स्कूल में नहीं आने दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार का कहना है कि एमपी बोर्ड सभी परीक्षाएं पूरी होने के बाद जो भी छात्र अनुपस्थित या फेल हो जाते हैं उनके लिए अलग से परीक्षा का आयोजन कराया जाता है, ऐसे में बाकी बचे इन सभी छात्र-छात्राओं को भी एग्जाम देने का फिर से मौका दिया जाएगा।

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project, Dongalia Distt. Khandwa (M.P.)
E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com, Website: www.mppgcl.mp.gov.in
No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/9169 Date : 27.02.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) Including GST | EMD & Tender cost in Rs. | Due date & time for closing online submission |
|---|---|---|---|
| Annual work of cleaning and removal of grass and shrubs along/ inside plant boundary, road, DM, Plant, CHP, Pipe racks, switch yard, NDCT and near/around power house area etc. of SSTPP Stage-I & Stage-II at SSTPP MPPGCL, Dongalia Distt. Khandwa. **(T-2025_MPPGC_395719)** | Rs. 25,50,000.00 | 51,000.00 & 1000/- | 17.03.2025 up to 15:30 hrs. |
| 2x660 MW, SSTPP Phase-II Khandwa- Annual General repair & maintenance work of BTG/other auxiliary buildings and BOP buildings viz. Plant water system , FOPH, switch yard, CW System, CHP, AHP and others under Stage-II at SSTPP, MPPGCL, Dongalia. **(T-2025_MPPGC_395722)** | Rs. 43,72,943.00 | 87,500.00 & 1000/- | 12.03.2025 up to 15:30 hrs. |
| 2x660 MW, SSTPP, Phase-II Khandwa- Annual Contract for necessary measures for Ash suppression i.e. deployment of 15 HP mono block/diesel pumps in lagoon-II of Ash pond at SSTPP, MPPGCL, Dongaliya. **(T-2025_MPPGC_395723)** | Rs. 18,00,019.00 | 36,000.00 & 1000/- | 10.03.2025 up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/119001/2025 SE (P&W)

## पेज एक का शेष

### भारत में डिजाइन...

प्रोसेस को बताया। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्ट इंजीनियरिंग कंपनी है। कंपनी के पास एंड-टू-एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट में विशेषज्ञता है। साथ ही डिजाइन और प्रोटोटाइप से लेकर लार्ज-स्केल मैन्युफैक्चरिंग की भी क्षमता है।

### अब दिल्ली से जयपुर...

चलाने की तकनीक पर आधारित है। इसमें ट्रेन बुलेट ट्रेन से भी ज्यादा रफ्तार से यात्रा करेगी। इसकी गति 1100 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है, जो इसे दुनिया के सबसे तेज ट्रांसपोर्ट साधनों में से एक बना सकती है। हाईपरलूप तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अत्यधिक गति है।

### यह ट्रेन विशेष ट्यूबों ...

यह इलेक्ट्रिक ऊर्जा से संचालित होती है और कम प्रदूषण पैदा करती है। बता दें कि यूरोप में इसी तकनीक से ट्रेन चलाई जा रही है। अगर हाईपरलूप ट्रेन चलती है, तो दिल्ली से जयपुर तक का सफर महज 30 मिनट में तय किया जा सकेगा। अभी जयपुर से दिल्ली सड़क या रेल मार्ग से 4-6 घंटे का समय लग जाता है।

### कचरा पीथमपुर...

है। फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा। इधर, कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क है। 3 जनवरी को हुए विरोध को देखते हुए प्रशासन कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। लिहाजा, इंदौर देहात और धार जिले के 24 थानों से 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी पीथमपुर में रामकी एनवायरो फैक्ट्री के पास तैनात किए गए हैं।

### बजट सत्र के 'दूसरे ...

रिपोर्ट में गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने का भी समर्थन किया गया है। बोर्ड में ज्यादा से ज्यादा चार गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं।

### भारत में पहली बार ...

मामलों का पता लगाया। यहां पर पिछले साल दिसबंर में बर्ड फ्लू से कई बड़ी बिल्लियां मर गई थीं। वैज्ञानिकों की टीम ने वायरस की पहचान 2.3.2.1ए वंश से की है। यह एच5एन1 का एक प्रकार है जो पूरे भारत में मुर्गियों में फैल रहा है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि सभी संक्रमित बिल्लियों में तेज बुखार, भूख न लगना और सुस्ती जैसे लक्षण दिखे और फिर सैंपल लेने के एक से तीन दिन के अंदर वह बीमार पड़ गईं। अध्ययन में बिल्लियों में पाए जाने वाले वायरस में 27 बदलाव देखे गए।

### पोल्ट्री प्रोडक्ट्स की...

को रोजाना सैनिटाइज किया जाएगा। पोल्ट्री प्रोडक्ट्स की बिक्री और ट्रांस्पोर्टेशन पर भी एक महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### सागर में बोलेरो ...

बहेरिया तिगड्डा स्थित बड़े शंकर मंदिर में दर्शन किए। दर्शन के बाद वे फोटो खिंचवाकर घर लौट रहे थे।

घर लौटते समय ग्राम तिंसुआ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सवार उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में अंकित लोधी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि हेतराम और उनकी बेटी प्रीति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर बोलेरो को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

### युवकों की प्रताड़ना ...

अस्पताल से छुट्टी मिल गई। जिसके बाद छात्रा अपनी पढ़ाई में जुट गई थी। 25 फरवरी को छात्रा ने अपने परिजन से फोन पर कहा था कि वह दो दिन में आत्महत्या कर लेगी। इसके बाद वह अपने किराए के कमरे पर गई, लेकिन परीक्षा के बाद गांव लौट आई। 26 फरवरी की शाम को वह अपने घर पर फांसी के फंदे पर झूल गई। जिला अस्पताल शिवपुरी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

छात्रा के ताऊ ने आरोप लगाया कि उसकी पीठ पर मारपीट के निशान मिल हैं। युवकों की प्रताड़ना के कारण ही उसने खुदकुशी जैसा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को जब वह परीक्षा देने पोहरी आई, तो काफी सहमी हुई थी। छात्रा के ताऊ ने मकान मालिक पर भी संदेह जताया है।

### गिरफ्तार लोगों पर...

अधिनियमों के तहत आने वाले व्यक्तियों पर लागू होंगे।




**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348
. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

**प्रॉपर्टी**
खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। -व्यावस्थापक



R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14




## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5792



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5791 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | खत | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | बे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| ई | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| सं | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |

## सूडोकु नवताल - 5802

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5801 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### मारुति का खरखौदा प्लांट शुरू



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आईएमटी खरखौदा स्थित अपने नए प्लांट में 25 फरवरी से कार उत्पादन शुरू कर दिया है। इस बहुप्रतीक्षित संयंत्र की आधारशिला 28 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से रखी थी। अब इस प्लांट से पहली कार कंपैक्ट एसयूवी ब्रेजा का उत्पादन शुरू हो चुका है। खरखौदा प्लांट के पूरी क्षमता से काम करने पर इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख वाहनों तक होगी।

### अवीनो बेबी ने किया पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली।** अवीनो बेबी ने उत्पादों की श्रृंखला में विस्तार करते हुए नई डेली मॉइस्चुर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम लांच की है। यह फेशियल जेल क्रीम त्वचा में तुरंत समा जाती है और 24 घंटे तक नमी बनाए रखती है, वह भी बिना किसी चिपचिपाहट के। इसमें मौजूद ट्रिपल ओट एक्सट्रैक्ट और एवोकाडो ऑयल त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं, उसे सुकून पहुंचाते हैं और नाजुक चेहरे की त्वचा की कोमलता बनाए रखते हैं। अवीनो बेबी डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम अब 999 रुपए के एमआरपी में 60 ग्राम के पैक में उपलब्ध है। इसे मॉडर्न ट्रेड आउटलेट्स, जनरल ट्रेड स्टोर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से आसानी से खरीदा जा सकता है।

### इंडिया स्टेट क्विज के लांच के 25 साल पूरे

**मुंबई।** चुनावी क्षेत्रों पर सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने वाली कंपनी डेटानेट इंडिया ने क्विज प्रतियोगिताओं और ओलंपियाड के लिए समर्पित मंच इंडियास्टेटक्विज़.कॉम के लांच के साथ पोर्टफोलियो में वृद्धि करके अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस नई पहल का उद्देश्य भारत के सामाजिक-आर्थिक और चुनावी परिदृश्य के बारे में सार्वजनिक जुड़ाव और जागरूकता बढ़ाना है। पिछले 25 सालों से डेटानेट इंडिया अपने मुख्य पोर्टल इंडियास्टेट.कॉम के माध्यम से प्रामाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा के लिए एक वेबसाइट के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित कर रहा है।

### लॉक्स इंडिया डिजाइन मार्क अवॉर्ड से सम्मानित

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की व्यावसायिक इकाई, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस को इसके आठ अग्रणी उत्पादों के लिए प्रतिष्ठित इंडिया डिजाइन मार्क अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार नवोन्मेष, बेहतर कार्यक्षमता और अत्याधुनिक डिजाइन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। पुरस्कार हासिल करने वाले उत्पादों में होम डेकोर हैंडल- एचडीएच 01, एचडीएच 02, एचडीएच 03, एचडीएच 06, एचडीएच 07 और एचडीएच 10- के साथ-साथ स्लाइडिंग डोर के लिए वार्डरोब साइड लॉक और कैटस होटल इंटरकनेक्टेड लॉक शामिल हैं।

### माइक्रोफाइनेंस सेक्टर का एनपीए हाई पर

**नई दिल्ली।** माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में दिसंबर के आखिर तक एनपीए यानी नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स बढ़कर 50,000 करोड़ रुपए हो गए हैं। यह इसका ऑल-टाइम हाई लेवल है और कुल लोन का 13फीसदी है। एनपीए का मतलब उस लोन से है जो लोग वापस नहीं कर पा रहे हैं। यह स्थिति तब है जब आरबीआई ने जोखिम वाले अनसिक्योर्ड लोन के लिए ज्यादा पूंजी आवंटन की जरूरत को कम कर दिया है। इसके बावजूद माइक्रोफाइनेंस सेक्टर का एनपीएइतना बढ़ गया। माइक्रोफाइनेंस का लोन गरीब लोग लेते हैं, जिन्हें फॉर्मल बैंकिंग चैनल से लोन नहीं मिल पाता है। इंडसइंड बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमंत कथपालिया ने कहाकि हम माइक्रोफाइनेंस सेक्टर को लेकर सावधान हैं। अगले कुछ समय तक एनपीए बढ़ सकता है।

## एग्रोविज्ञान फार्म्स: सुरक्षित खेती का नया आयाम

### खेती के पारंपरिक और आधुनिक तरीकों का बेहतरीन समन्वय प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहर-मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए एग्रोविज्ञान फार्म्स द्वारा भोपाल शहर के उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एग्रोविज्ञान फार्म्स के मार्गदर्शक एवं प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. शुभम कुलश्रेष्ठ और संरक्षक किसान प्रतीक पाटीदार ने किया। दोनों युवा उद्यमियों की इस पहल ने खेती के पारंपरिक और आधुनिक तरीकों का बेहतरीन समन्वय प्रस्तुत किया।

यह आयोजन रापड़िया ग्राम, कटारा हिल्स के पास स्थित एग्रोविज्ञान फार्म्स में हुआ, जहां भोपाल फूड लवर्स ग्रुप से जुड़े लगभग 50प्लस प्रकृति-प्रेमी नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को तीन बैच में फार्म का विस्तृत दौरा कराया गया, जहां उन्होंने खेती की नवीनतम तकनीकों का अनुभव लिया। इस दौरान, खेत में उगाई गई ताज़ी और जैविक सब्जियों-गोल्डन जुखिनी, लाल और हरी सलाद पत्ता, पाकचोई, चाइनीज पत्तागोभी, चेरी टमाटर, छप्पन कद्दू, सोआ साग, देशी मीठी मटर, स्वीट कॉर्न, गाँठ गोभी और रंग-बिरंगे गोभी जैसी देशी -विदेशी सब्जियों को देखा और उनके उत्पादन प्रक्रिया को समझा।



**उपभोक्ताओं को मिलेगी ताजी सब्जियां**

इस पहल के तहत बिना किसी बिचौलिए के ताजी और शुद्ध सब्जियां सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की योजना को काफी सराहा गया। शहरवासियों को यह अनुभव खासा पसंद आया कि वे स्वयं खेतों में जाकर यह देख सके कि उनके लिए सब्जियाँ कैसे उगाई जाती हैं। बच्चों के लिए यह विजिट विशेष रूप से ज्ञानवर्धक रही, जहां उन्होंने खेती के प्राकृतिक तरीके समझे और स्वस्थ आहार की महत्ता जानी।

**प्राकृतिक खेती के उन्नत तरीके**

इस फार्म विजिट का मुख्य आकर्षण खेती की पारंपरिक और नवीनतम तकनीकों का संयोजन रहा। किसानों ने सूक्ष्म जीव, स्टिकी ट्रैप, मिश्रित एवं सघन बागवानी और ड्रोन तकनीक जैसी आधुनिक कृषि विधियों का प्रदर्शन किया, जिससे जैविक खेती को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

**कृषि में नवाचार की नई मिसाल की कायम**

*डॉ. शुभम कुलश्रेष्ठ और प्रतीक पाटीदार की यह पहल जहरमुक्त खेती और सीधे उपभोक्ता तक उत्पाद पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। रापड़िया ग्राम, कटारा हिल्स के पास स्थित एग्रोविज्ञान फार्म्स का यह मॉडल न केवल स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक सीधा और पारदर्शी संबंध स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।*

### सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी ने कहा

## 'मध्यप्रदेश' देश का 5वां और आर्थिक आकार के हिसाब से 10वां बड़ा राज्य

प्रदेश का विकास पथ अनुकूल नीतियों में सुधार और उपायों के कार्यान्वयन पर निर्भर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले दशक में जनसंख्या के हिसाब से भारत का 5वां सबसे बड़ा राज्य और आर्थिक आकार के हिसाब से दसवां सबसे बड़ा राज्य मध्य प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश का विकास पथ अनुकूल नीतियों और सुधार उपायों के कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यह बात सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी ने चर्चा करते हुए कही। चंद्रजीत बनर्जी का कहना है कि उच्च विकास दर हासिल करने के लिए राज्य को मुख्य रूप से कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण संचालित अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहाकि सरकार के प्रयासों से मिलने वाला भरपूर लाभ धीरे-धीरे फलीभूत हो रहा है।



सीआईआई के एक अध्ययन के अनुसार मध्य प्रदेश 2047 तक भारत की शीर्ष तीन राज्य अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है, इसका सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2023-24 में 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रुपये) से बढ़कर 2047-48 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंचने का अनुमान है। इसके परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी 4.6 फीसदी से बढ़कर 6 फीसदी हो जाएगी।

**मध्यप्रदेश मिला रहा केंद्र के साथ कदम से कदम**

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी ने कहाकि निवेश बढ़ाने, संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता देने और विकास को गति देने पर राज्य सरकार के साथ मध्य प्रदेश 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की विशिष्ट स्थिति में है। राज्य नए मील के पत्थर हासिल करने के लिए केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है क्योंकि देश 2047 तक विकसित देश की स्थिति की ओर अपनी उल्लेखनीय यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए कृषि स्टार परफॉर्मिंग सेक्टर है। पिछले दशक में क्षेत्र का सकल मूल्यवर्धित चार गुना से अधिक बढ़ गया है। इस वृद्धि का श्रेय मुख्य रूप से सिंचाई में सुधार, शून्य ब्याज ऋण की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों और सड़क नेटवर्क सहित बेहतर बुनियादी ढांचे को दिया जाता है। हालांकि, अपनी वृद्धि में छलांग लगाने के लिए मध्य प्रदेश को उच्च तकनीक विनिर्माण में नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों के माध्यम से सकल राज्य मूल्य वर्धित में विनिर्माण की हिस्सेदारी को मौजूदा 7.2 फीसदी से बढ़ाकर 2047-48 तक 22.2फीसदी करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी।

**आर्थिक सलाहकार परिषद की स्थापना पर विचार हो**

*सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी ने कहाकि 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य के विकास पथ को बढ़ाने के लिए कई क्षैतिज हस्तक्षेपों की आवश्यकता है। राज्य के विकास को अगले स्तर पर ले जाने के लिए गेम चेंजर हस्तक्षेप निर्यात में वृद्धि कर रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार निवेश, निर्यात, कौशल, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, ईओडीबी और सीओडीबी जैसे कई क्षेत्रों में फैले आर्थिक सुधारों के व्यापक स्पेक्ट्रम को संबोधित करने के लिए एक आर्थिक सलाहकार परिषद की स्थापना पर विचार कर सकती है।*

**इन उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने की जरूरत**

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी के अनुसार क्षैतिज हस्तक्षेपों का लाभ उठाते हुए, राज्य के स्थापित मजबूत क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उभरते क्षेत्रों को भी बढ़ावा देना आवश्यक है। इनमें कृषि-व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र शामिल हैं- कपड़ा एवं परिधान, ऑटोमोबाइल,फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य देखभाल, पेट्रोकेमिकल एवं प्राकृतिक गैस,रसद एवं भण्डारण और पर्यटन। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम, रक्षा और एयरोस्पेस और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य को विकास के अगले स्तर पर ले जाने वाले उभरते हुए क्षेत्र हैं।

### मोटरसाइकिल दैनिक यात्रियों की बनी है पहली पसंद

## मध्यप्रदेश में होंडा की शाइन 125 और एसपी 125 ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मध्य प्रदेश में शाइन 125 और एसपी125 की 10 लाख यूनिट की बिक्री का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि ग्राहकों के बीच होंडा के भरोसेमंद और विश्वसनीय उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है।

शाइन 125 और एसपी125 लांच के बाद से ही व्यापक रूप से पसंद की जाने वाली मोटरसाइकिल बन गई हैं और दैनिक यात्रियों की पहली पसंद बनी हुई हैं। इन दोनों मॉडलों ने पहली 5 लाख यूनिट की बिक्री 14 वर्षों में पूरी की, जबकि शेष 5 लाख यूनिट की बिक्री मात्र 5 वर्षों में पूरी हुई, जो इन मोटरसाइकिलों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।



**निश्चित उपहार के लिए एक स्क्रैच-एंड-विन ऑफर**

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सभी मॉडलों पर एक निश्चित उपहार प्रदान करने के लिए एक स्क्रैच-एंड-विन ऑफर की घोषणा की है। साथ ही 2,000 का एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है, जिससे ग्राहकों के लिए अपनी पसंदीदा होंडा दुपहिया वाहन खरीदने का यह सही समय बन गया है। इसके अलावा, होंडा ने ओबीडी टू बी तकनीक के साथ नए फीचर्स पेश किए हैं, जो कि 1 अप्रैल 2025 से सभी निर्माताओं के लिए अनिवार्य होने जा रही है।

**रिकॉर्ड बिक्री दर्शाती है ग्राहकों के विश्वास को : माथुर**

*होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर,सेल्स एंड मार्केटिंग योगेश माथुर ने कहाकि मध्य प्रदेश में शाइन 125 और एसपी 125 की 10 लाख बिक्री हासिल करना हमारे ग्राहकों के होंडा दोपहिया वाहनों में दिखाए गए विश्वास को दर्शाता है। इन दोनों मॉडलों की बढ़ती लोकप्रियता, हमारे विस्तृत डीलर नेटवर्क और अत्याधुनिक उत्पादों के साथ मिलकर हमें ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतरीन उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रेरित करती है। हम राज्य में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत हैं। कंपनी लगातार 350 से अधिक टचप्वाइंट्स के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है।*

## सुमन कुमार बने इंडियन ऑयल के निदेशक, किया कार्यभार ग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुमन कुमार ने इंडियन ऑयल के बोर्ड में निदेशक (योजना और व्यापार विकास) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।



इस पदभार से पहले वह कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक के रूप में अन्वेषण एवं उत्पादन क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे थे।श्री सुमन कुमार एक अनुभवी पेशेवर हैं, जिनके पास 30 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उन्होंने प्राकृतिक गैस, पेट्रोकेमिकल्स, सिटी गैस वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसायों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एमआईटी मुजफ्फरपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है और एमबीए के साथ-साथ उन्नत प्रबंधन प्रशिक्षण भी लिया है। उन्होंने एलपीजी संचालन, पेट्रोलियम उत्पाद बिक्री, ऊर्जा संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिकाएa निभाई हैं। अपने नए पद पर, कुमार इंडियनऑयल के विस्तारित व्यापार पोर्टफोलियो का नेतृत्व करेंगे।

## अनंत अंबानी की पहल 'वनतारा' को मिला प्रतिष्ठित प्राणी मित्र

एजेंसी ▶▶ जामनगर (गुजरात)

वन्य प्राणियों की देखभाल के लिए अनंत अंबानी की पहल 'वनतारा' को 'प्राणी मित्र राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार की ओर से कॉर्पोरेट कैटेगरी में एनिमल वेलफेयर के क्षेत्र में यह देश का सर्वोच्च सम्मान है।



यह अवॉर्ड राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट के असाधारण काम को दर्शाता है, जो वनतारा की एक संस्था है और हाथियों के बचाव और देखभाल के लिए कार्य करती है। इस पुरस्कार का मुख्य केंद्र वंतारा में स्थित एलिफेंट केयर सेंटर (हाथियों की देखभाल से जुड़ा केंद्र) है, जो 240 से ज्यादा बचाए गए हाथियों के लिए एक आश्रय स्थल है। इस सेंटर में सर्कस से 30 हाथी, लकड़ी उद्योग से 100 से अधिक हाथी और सवारी व सड़क पर भीख मांगने जैसी शोषणकारी प्रथाओं से बचाए गए अन्य हाथी शामिल हैं। विशेष रूप से डिजाइन किया गया जंगल 'वनतारा' 998 एकड़ में फैला है, जहां हाथियों को स्वतंत्र रूप से घूमने की आजादी है। वंतारा में हाथियों को विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा और देखभाल की सुविधा मिलती है।

**वंतारा सीईओ ने जताया आभार**

*वंतारा के सीईओ विवान करानी ने भारत से मिले इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और पशु कल्याण के प्रति वंतारा के कमिटमेंट पर जोर दिया। यह पुरस्कार उन अनगिनत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने भारत में पशुओं की रक्षा और देखभाल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। विवान करानी ने कहा कि वंतारा में, जानवरों की सेवा करना केवल एक कर्तव्य नहीं है बल्कि हमारा धर्म और सेवा है। कॉर्पोरेट कैटेगरी में 'प्राणी मित्र' पुरस्कार, पशु कल्याण के लिए उनके निरंतर योगदान के लिए निगमों और संगठनों को मान्यता देता है, जिसमें संबंधित पहलों के लिए सीएसआर फंडिंग भी शामिल है।*

## बिजनेस न्यूज

### बैंक सभी एमएसएमई और कॉर्पोरेट ग्राहकों को सुचारु ऋण देने के प्रतिबद्ध : संजीव मेनन



**भोपाल।** बैंक सभी एमएसएमई और कॉर्पोरेट ग्राहकों को मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सुचारू ऋण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख संजीव मेनन ने कही। गौरतलब है कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में विभिन्न प्रकार के उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया और आने वाले ग्राहकों को उनकी पूछताछ का संतोषजनक ढंग से समाधान करके व्यापक सहायता प्रदान की। बैंक अपने स्टॉल पर आने वाले सभी ग्राहकों को सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आयोजन की पूरी अवधि के दौरान कई ग्राहक बैंक के स्टॉल पर आए और विभिन्न ऋणों के बारे में पूछताछ की। इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख विपिन गर्ग मौजूद रहे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अंचल कार्यालय,मिड कॉर्पोरेट शाखा और अन्य शाखाओं के विभिन्न कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीएनबी का कृषि आउटरीच कार्यक्रम कल कृषि प्रशिक्षण केंद्र विदिशा में




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक(पीएनबी) द्वारा 1मार्च 2025 को कृषि प्रशिक्षण केंद्र,विदिशा में सुबह 10 बजे से पीएनबी कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह,कृषि अवसंरचना निधि, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं इन योजनाओं को ग्राहकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिससे बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों एवं किसानों कोवित्तीय सहायता एवं समुचित जानकारी प्रदान कर सके। पीएनबी भोपाल के अंचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय प्रशासन, विभागीय अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कई स्वयं सहायता समूहों को ऋण योजनाओं में विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी। ताकि वह अपना व्यवसाय एवं कृषि संबंधी कार्य प्रारंभ कर सके। मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा ने बताया है कि इस कार्यक्रम में ग्राहक एवं किसान से जुड़ने के साथ-साथ नए व्यवसाय को जुटाने के लिए बैंक की अनुकूलित योजनाओं को संभावित ग्राहकों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी ओपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इन योजनाओ के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए पंजाब नैशनल बैंक की नजदीकी शाखा में भी संपर्क किया जा सकता है।

### भाभा विवि के आरकेडीएफ कॉलेज में भौतिक विज्ञान में नवाचार पर व्याख्यान




**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के आरकेडीएफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय विज्ञान पर्व 2025 के दूसरे दिन कुलगुरु डॉ. एनके अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अतिथि डॉ.अनुज हुंडेत, आईईएचई उपस्थिति हुए। इस मौके पर भौतिक विज्ञान में नवाचार पर व्याख्यान दिया गया । जिसमें उन्होंने छात्रों को प्रकृति एवं आसपास मौजूद चीजों में विज्ञान के प्रति जागरूक व चिंतन करने । पर जोर दिया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद न्यू दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के ग्रुप डायरेक्टर मनोज कुमार शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ.श्याम पाटकार उपस्थित रहे। अंत में संयोजक डॉ.अशोक कुमार झाला द्वारा आभार एवं संचालन सहसंयोजक डॉ.शैलेष रघुवंशी द्वारा किया गया ।

### मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में विशाल भंडारे के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मना



**भोपाल।** मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर, मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण में बृहस्पतिवार को विशाल भंडारे के साथ महाशिवरात्रि महापर्व का समापन किया गया। इससे पहले अखंड रामायण पाठ का समापन और सुंदरकांड आयोजित किया गया। दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव का भव्य श्रृंगार और संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। महादेव के भव्य श्रृंगार और पूजन के पश्चात भाजपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति की उपस्थिति में मानसरोवर की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी, निदेशक दिशा तिवारी ने विधि विधान कन्या पूजन के बाद भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। इससे पहले महाशिवरात्रि के दिन मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध गायक पंडित सुधीर व्यास का लाइव परफॉर्मेंस हुआ। ये चमक ये दमक फेम व्यास ने प्रभु संकट हर लो मेरा गाने के साथ संकीर्तन शुरू किया। जिसके साथ ही श्रद्धालुगण भावविभोर हो उठे। महाशिवरात्रि की सुबह मंदिर में रूद्राभिषेक और शिवजी के भव्य श्रृंगार के साथ पर्व का आगाज हुआ। वहीं अखंड रामायण पाठ और भजन गायन में श्रद्धालू शिव भक्ति में लीन होकर फूलों की होली खेलते नजर आए। इस दौरान मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी और निदेशक दिशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में शहर के नामचीन गणमान्य अतिथिगण और मानसरोवर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**// विज्ञप्ति //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीराम कंस्ट्रक्शन कम्पनी हरदूखेडी रोड गंज बासौदा ने ग्राम वैहलोट तहसील गंज बासौदा के खसरा नम्बर 474/1 रकवा 0.481 हे. को अनुराग जैन आशीष जैन पुत्रगण सुहागमल जैन से क्रय करने का सौदा किया है जिस किसी को आपत्ति हो वह 7 दिवस में मेरे कार्यालय में आकर संपर्क करें

लालू विश्वकर्मा एडवोकेट
पता - सिरोंज चौराहा गंज बासौदा
तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.
मो. न. 7049316724

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. 235 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री गया प्रसाद धाकड़ आ. श्री लाल सिंह जी धाकड़ के पर नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 2514 दिनांक 25/09/2013 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/03/2012 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्री गया प्रसाद धाकड द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2015 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से निष्पादित कराकर श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार को विक्रय कर दिया गया। परन्तु श्री श्रीपत पवार द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नहीं कराई गई। श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार की दिनांक 11/06/2023 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी पवार पत्नी स्व. श्री श्रीपत पवार के द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण / हस्तान्तरण किए जाने हेतु क्रेता/विक्रेता का आवेदन पत्र, शपथ-पत्र संयुक्त शपथ-पत्र, परिवार के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ पत्र, उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2016 एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए संपत्ति अपने नाम नामान्तरण / हस्तान्तरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2015 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार के नाम हस्तान्तरित करते हुए श्रीमती लक्ष्मी पवार पत्नी स्व. श्री श्रीपत पवार के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड / भवन क्रमांक एम.आई.जी.-II 66 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री बी.एन. यादव आत्मज श्री मुन्नी लाल यादव के नाम हस्तान्तरण शुल्क एवं अन्य चार्ज राशि रू. 21,782/- दिनांक 04/01/2016 को जमा किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/10/2015 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 19/11/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती रेखा यादव पत्नी श्री अर्जुन यादव के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 23/01/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रेखा यादव पत्नी श्री अर्जुन यादव के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकस मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**

ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 19/व.ले.लि./ रायसेन / 2024-25 रायसेन, दिनांक 20.02.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु.राशि (रू.लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB _404337_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | बेगमगंज सुल्तानगंज मार्ग से वीरपुर कीरतपुर बढगवां मोजप्ता मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 13.65 कि.मी. | प्रथम | 159.05 | |
| | | | | योग:- | | 159.05 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 07/03/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग,
रायसेन संभाग रायसेन

जी - 23594/24 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# यूएन में कश्मीर का राग अलापना बंद करे पाक

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। स्विटज़रलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। यह नई बात नहीं है। यूएन के हर सत्र में पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता रहा है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत पाकिस्तान के साथ केवल आतंकवाद के खात्मे के बाद ही कोई बात करेगा। ऐसे में पाक का यूएन में कश्मीर मुद्दे को उठाना अपने अवसर का जाया करना है। यूएन में अपने उत्तर देने के अधिकार के तहत भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। आतंकवाद को शह देने के नीतिगत एजेंडे के चलते आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है, टेरर फंडिंग समेत अन्य आतंकवादी वित्तीय गतिविधियों के चलते वह फ्रांस स्थित एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। इससे पहले कई बार ब्लैक लिस्ट में रह चुका है। आजादी के बाद पाक अवैध रूप से कबायली वेष में कश्मीर में घुसा था। उस वक्त एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य का भारत में विधिवत विलय हो चुका है। इसके बाद से कश्मीर के कुछेक हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जो पीओके है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान पीओके क्षेत्र से अपना अवैध कब्जा खत्म करे, वह हिस्सा भारत का है। भारत अपना हिस्सा लेने को प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर को लेकर निराधार व दुर्भावनापूर्ण संदर्भ बयां नहीं करना चाहिए। यह खेदजनक है। वह हमेशा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करता है। विश्व में सबके सामने कश्मीर को लेकर स्थिति साफ है, यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान में सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ को दुनिया ने देखा, जब अमेरिका ने पाक के सैन्य क्षेत्र से ओसामा बिन लादेन को पकड़ा और मारा। पाक की फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई नीतिगत रूप से आतंकवाद को पालती-पोसती रही है और कश्मीर में उसका दुरुपयोग करती रही है। आज 32 से अधिक छोटे व बड़े आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं। अनेक घोषित ग्लोबल टेररिस्ट पाक में हैं। मौजूदा समय में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में आजादी के बाद से ही हुई अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की खुद ही सबकुछ बयां कर रही है। पाकिस्तान को यूएन मानवाधिकार परिषद का वक्त नहीं बर्बाद करना चाहिए। उसको भारत के बारे में सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का भी मजाक बना रहा है, वहां कश्मीर राग का कोई मतलब नहीं है। वह (पाकिस्तान) इसे (ओआईसी) अपना मुखपत्र बताकर दुष्प्रचार को बढ़ावा देकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान की हर कारगुजारियों से भारत वाकिफ है। अपनी करतूतों की वजह से ही आज पाकिस्तान की ऐसी हालत है और दुनिया में चीन व तुर्किये के अलावा किसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। इमदाद के भरोसे जीने वाले पाकिस्तान को अपने हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यूएन में कश्मीर गीत गाने से भारत पर कुछ भी नहीं होने वाला है, कश्मीर भारत का था, है और सदा रहेगा।



**महाकुंभ**
नरेंद्र मोदी

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट

**महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।**

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को न औपचारिक निमंत्रण था, न ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है।

प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के



लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें।

गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं। ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें।

मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां न कोई शासक था, न कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया। विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं। महाकुंभ के दृश्यों को देखकर, बहुत प्रारंभ से ही मेरे मन में जो भाव जगे, जो पिछले 45 दिनों में और अधिक पुष्ट हुए हैं, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर मेरी आस्था, अनेक गुना मजबूत हुई है। 140 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह प्रयागराज में एकता के महाकुंभ को आज के विश्व की एक महान पहचान बना दिया, वो अद्भुत है। देशवासियों के इस परिश्रम से, उनके प्रयास से, उनके संकल्प से अभिभूत मैं जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा और श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। महाकुंभ का स्थूल स्वरूप महाशिवरात्रि को पूर्णता प्राप्त कर गया है। लेकिन मुझे विश्वास है, मां गंगा की अविरल धारा की तरह, महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा निरंतर बहती रहेगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संस्कृति
विवेक शुक्ला



# महाकुंभ में सात समंदर पार से आए भक्तों की भी उमड़ी आस्था

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ ही महाकुंभ समाप्त हो गया। पूरे कुंभ के दौरान संगम शहर में करोड़ों भक्त पहुंचे। उन भक्तों की भी संख्या अनगिनत रही जो दुनिया के कोने-कोने से डुबकी लगाने के लिए पहुंचे थे। इनमें भारतवंशियों से लेकर विदेशी शामिल थे। इस तरह दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम का रंग वैश्विक हो गया। प्रयागराज के होटलों, बाजारों और गंगा के आसपास लगातार विदेशी भक्त दिखाई देते रहे। वैश्वीकरण और इंटरनेट ने संस्कृतियों को जोड़ा है। इसके चलते महाकुंभ पर सारे संसार की निगाहें थीं। हालांकि हरेक कुंभ में विदेशी आते हैं, पर इस बार इनका आंकड़ा अनगिनत रहा। अमेरिका के न्यूयार्क शहर से 25 वर्षीय मारिया महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए संगम शहर आईं थी। "मैं यहां 15 दिनों से अधिक समय तक रहने के लिए आई हूं। यह मेरा पहला अनुभव है। मेरे देश में, मुख्य रूप से हिंदू समुदाय कुंभ के बारे में जानता है, लेकिन मुझे संदेह है कि क्या हमारे जैसे अमेरिकी इस आयोजन और इसके विशाल कैनवास के बारे में जानते हैं।' मारिया जैसे न जाने कितने विदेशी पवित्र गंगा में स्नान करने, साधुओं के विचार सुनने और इतने बड़े स्तर के आयोजन को अपनी आंखों से देखना चाह रहे थे। दिल्ली से 16 फरवरी को प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में दक्षिण अफ्रीका से कुंभ स्नान के लिए जा रहे करीब दो दर्जन भारतवंशी भी सवार थे। इनके पुरखे एक सदी से भी पहले दक्षिण अफ्रीका जाकर बस गए थे। इस टोली में पेशे से स्कूल टीचर राम पिल्ले भी थे। वे डरबन शहर में रहते हैं। डरबन को मिनी इंडिया कहा जाता है दक्षिण अफ्रीका में। राम की उम्र होगी करीब 40 साल। कह रहे थे कि पहली बार भारत आया हूं। मैं अपने पुरखों के देश में आकर कितना अच्छा महसूस कर रहा हूं, इसे बताना मेरे लिए संभव नहीं है। अब इससे ज्यादा आनंद की क्या बात हो सकती है कि मुझे कुंभ में शामिल होने का भी अवसर मिला है। भारत के बाहर से संभवतः सर्वाधिक भारतवंशी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और केन्या से कुंभ में भाग लेने के लिए आए। "मुझे साधुओं की उपस्थिति में रहने और उनके प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला है। यह अप्रतिम अनुभव रहा। यह दूसरी बार है जब मैं भारत आया हूं। मैं मानता हूं कि जनभागेदारी के लिहाज से कुंभ के सामने ओलंपिक खेल भी कुछ नहीं हैं," यह बात न्यूजीलैंड के एस. डेविड ने कही। कइयों के लिए कुंभ में आना उनके जीवन भर के अहम ख्वाब का पूरा होने जैसा है। ये लंबे समय से इस अतुलनीय आयोजन में भाग लेने की योजना बना रहे थे। 61 साल के डेरिक पीटर ने कुछ साल पहले अपना नाम बदलकर राधा श्याम रख लिया है। वे अमेरिका के शहर न्यूजर्सी से आए हुए थे। "मैं बीते करीब 20 सालों से कुंभ मेले में भाग लेने का सपना देख रहा था। मुझे एक बार कुंभ का एक ब्रोशर मिला। हालांकि मुझे भारत के बारे में बहुत कम जानकारी थी, लेकिन गंगा में खड़े हजारों अन्य लोगों के बीच एक साधु की छवि ने मेरा ध्यान खींचा। इसमें लिखा था, 'माँ गंगा में स्नान करने आओ।' उस पल, मैंने खुद से कहा, 'एक दिन, मैं वहां जाऊंगा।' अब मेरा सपना सच हुआ है, और मैं परम आनंद की स्थिति में हूं।" कहने वाले कह रहे हैं कि इस बार महाकुंभ करीब 60 से अधिक देशों के राजनयिकों और नागरिको ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर अपने जीवनसाथियों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। कोलंबिया के राजदूत विक्टर चावेरी ने कहा- 'यह मेरे जीवन का एक अद्भुत अनुभव रहा।' भारतीय संस्कृति बेहद समृद्ध है और यहां संदेश शांति और मानवता के लिए है। जब आप गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर इतने सारे लोगों को आध्यात्मिकता में डूबा हुआ देखते हैं, तो एक अजीब शक्ति महसूस होती है। इस बीच, रूसी नागरिक अलेक्जेंडर और उनकी पत्नी त्रिवेणी घाट पर ही मिले। डुबकी लगा चुके थे। कह रहे थे- 'हमें यहां स्नान करने के बाद अपार आध्यात्मिक शांति मिली। भारत बहुत विविध और इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।' प्रयागराज एयरपोर्ट में अधिकतर विदेशी दिल्ली और मुंबई के रास्ते पहुंच रहे थे। दक्षिण अफ्रीका से राम नायडू भी प्रयागराज में आए हुए थे। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश से दक्षिण अफ्रीका में जाकर बसे थे। नायडू कह रहे थे- 'हम भारतवंशियों के दिलों में बसता है भारत। कुंभ का आयोजन वास्तव में अद्भुत रहा। यहां लाखों लोग इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और मुझे यह देखकर गर्व हुआ कि हमारी भारतीय संस्कृति कितनी समृद्ध और गहरी है। हम भाग्यशाली हैं कि हम मूल रूप से भारतीय हैं।' तो कह सकते हैं कि कुंभ में सात समंदर पार से आने वाले भी कम नहीं रहे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# ह्रदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## महाकुंभ



महाकुंभ का वो मैदान जहां पांव रखने की जगह नहीं थी आज खाली है।

## आज की पाती

### स्कूली शिक्षा में मोबाइल आने से छात्रों को नुकसान

ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार छात्रों के निजी मोबाइल पर आने वाला एक छोटा सा भी नोटिफिकेशन उनके ध्यान में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। एक अन्य प्रसिद्ध शोध श्रमिकों पर 2008 में हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष दिया कि एक बार ध्यान भटकने पर, अपने मूल कार्य पर पुनः ध्यान केंद्रित करने में औसतन 23 मिनट और 15 सेकंड का समय लगता है। ऐसी ही स्थिति एक छोटे से नोटिफिकेशन के आने से विद्यार्थियों की होती है जिनके पास स्मार्टफोन हैं। कई यूरोपीय देशों जैसे बेल्जियम, स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ। भारत में मोबाइल और डिजिटल गैजेट्स के स्कूली शिक्षा में आने से बच्चों की स्मरण शक्ति क्षीण हो रही है जो शिक्षा प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है।

*– प्रतीक शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर


### चीन के सैन्य अभ्यास की ताइवान ने की निंदा



ताइवान ने उसके दक्षिण-पश्चिम तट पर सैन्य अभ्यास के लिए बृहस्पतिवार को चीन की निंदा की। चीन ने स्व-शासित द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट पर गोलीबारी अभ्यास करने के लिए एक क्षेत्र निर्धारित किया है। चीन इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जिसे जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक लिया जा सकता है और हाल के वर्षों में उसने ताइवान के जल एवं हवाई क्षेत्र के आसपास सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'चीन क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सबसे बड़ा संकट है तथा ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए वह एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा है।' ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि में उसने ताइवान के आसपास 45 विमानों, 14 नौसैनिक जहाजों और चीनी सेना के एक जहाज को देखा, जिनमें से 34 उसके जल और हवाई क्षेत्र में घुस आए थे। ताइवान ने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी दिए बिना कहा कि उसने इसका 'माकूल जवाब' दिया।

## ऑफ बीट

### क्वांटम नेवीगेशन यात्रा के तरीके को बदल सकता है



जीपीएस जैसी वैश्विक नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियां आधुनिक समाज में गहराई से समाहित हैं। हम नेवीगेशन, ऑर्डर की आपूर्ति करने और फोटो लोकेशन टैग करने के लिए रोजाना इनका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनका असर सुविधा से कहीं ज्यादा है। पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों से समय संकेत स्टॉक मार्केट कारोबार को प्रमाणित करते हैं और बिजली ग्रिड को संतुलित करने में मदद करते हैं। कृषि में, उपग्रह नेवीगेशन सुदूर संवेदी तकनीकों से ट्रैक्टरों के संचालन में मार्गदर्शन मिलता है और मवेशियों को इकट्ठा करने में मदद करता है। आपातकालीन सेवाएं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाता है। अपने लाभों के बावजूद, जीपीएस जैसी प्रणालियां काफी असुरक्षित हैं। उपग्रह सिग्नल जाम हो सकते हैं या उनमें हस्तक्षेप हो सकता है। अंतरिक्ष का वातावरण भी स्थिर नहीं है। सूर्य नियमित रूप से प्लाज्मा के विशाल पुंज निकालता है, जिससे सौर तूफान पैदा होते हैं। ये उत्सर्जन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं, जिससे उपग्रहों और जीपीएस संकेतों में बाधा उत्पन्न होती है।

## ट्रेंड

### सशक्त नींव



महाकुंभ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आर्थिक विकास



सौ करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### बड़ी चीजें छोटे पैकेज में



कभी-कभी, बड़ी चीजें छोटे पैकेज में हो सकती हैं। असम में मुझे ये अहसास बहुत शिद्दत से हुआ। इसमें तेल के क्षेत्र में दुनिया का सातवां मेगा बेसिन बनाने की संभावना है। यह कई छोटे कुओं के अमेरिकी मॉडल का अनुसरण कर सकता है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### मोटापे का कारण



भारत किशोर मधुमेह की विश्व राजधानी बन गया है। शहरी जीवनशैली में बदलाव का मतलब प्रसंस्कृत भोजन और कोला की ओर बदलाव है जो मोटापे का कारण बनता है। हालांकि, कोला के विज्ञापन करने वाले स्टार्स को पैसों की ज़रूरत नहीं है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# खबर संक्षेप



## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**मंडीदीप।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का जिला कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। जिला महामंत्री सलमान अली ने बताया कि राकेश शर्मा को जिला अध्यक्ष बनने से अल्पसंख्यक समाज में खुशी है। जिलाध्यक्ष बहुत ही वरिष्ठ और समाजसेवी हैं। गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धीक सिद्धीकी ने कहा कि हम मुसलमानों को बढ़-चढ़कर भाजपा में काम करना है और देश को मजबूत करना है।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा सफाई प्रकोष्ठ ने गुरुवार को नगर पालिका सीएमओ प्रशांत जैन को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा सफाई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल चौहान ने बताया कि नगर पालिका परिषद रिक्त पदों पर विनियमित सफाई कामगारों को नियमित करने व दैनिक वेतन भोगियों को विनियमित करने व 25 दिवस सफाई कर्मियों को 29 दिवस का वेतन देने एवं पीएफ की राशि कटवाने को लेकर 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

## एक मार्च को दिखेगा चांद 2 से शुरू होंगे रोजे

**औबेदुल्लागंज।** सदर गुड्डू, अफसर, नफीस, सगीर, रईस खान, आसिफ पठान, रुबीनाबी, नईम, राजा सिद्दीकी, आमीन, अकिल, सोहेल, मेहमूद हाजी ट्रेडर्स, डॉ. कल्लू ने बताया कि 1 मार्च को चांद दिखेगा। 2 मार्च से रोजे शुरू होंगे। रमजान के पवित्र महीने में 30 दिन तक रोजे रखे जाएंगे। रोजेदार कुरान की तिलावत, नमाज और दुआ के जरिए खुदा की इबादत करेंगे। रोजा इफ्तार और जरूरतमंदों की मदद के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

## वैश्य समाज की प्रदेश अध्यक्ष का नगर आगमन आज

**औबेदुल्लागंज।** वैश्य समाज की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन 28 फरवरी को दोपहर औबेदुल्लागंज आएंगी। उक्त जानकारी देते हुए विद्या अग्रवाल, राजकुमारी मित्तल, बागिश अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, अनुराधा विजय, अंकित अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2 बजे से स्टेशन रोड जैन धर्मशाला में बैठक का आयोजन रखा गया है।

## लुटेरों को 3 वर्ष के कारावास की सजा

**भोपाल।** मैरिज गार्डन के बाहर महिला चिकित्सक के गले से सोने का हार लूटने वाले आरोपियों अंकित गुजरे उर्फ डांसर और शिवम उर्फ शुभम को अपर सत्र न्यायाधीश सुचिता श्रीवास्तव ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक राजेंद्र पटेल द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन अनुसार 1 दिसंबर 2021 को रात 10:30 बजे नंदन पैलेस मैरिज गार्डन मिसरोद विवाह समारोह में शामिल होने गईं थीं। लौटते वक्त मैरिज गार्डन के बाहर सर्विस रोड पर खड़ी होकर पति का इंतजार कर रहीं थीं तभी बाइक से हार लूटा था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0549 | | |
| दिन: | 180 | 97 | 179 |
| रात: | 366 | 54 | 167 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 139 | 36 | 178 |
| रात: | 457 | 66 | 123 |

कंप्यूटर क्लास से लौटते समय पंचशील नगर पुलिया के पास हुआ हादसा

# एक्टिवा को सागर पब्लिक स्कूल की बस ने मारी टक्कर, युवती की मौत, सहेली घायल

**पुलिस ने बस जब्त कर टक्कर मारने वाले बस चालक को किया गिरफ्तार, मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर पुलिया के पास गुरुवार दोपहर सागर पब्लिक स्कूल की बस ने एक्टिवा सवार छात्राओं को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों छात्राओं को जय प्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूल बस को जब्त कर लिया है।









पुलिस के अनुसार महिमा प्रजापति पिता राजेश प्रजापति (20) मकान नंबर-44, श्याम नगर बरखेड़ा पठानी में रहती थी। वह एमएलबी कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा थी। गुरुवार को महिमा अपनी सहेली इति उपाध्याय के साथ हर्षवर्धन नगर स्थित कंप्यूटर सेंटर गई थी। दरअसल उसे सोशल मीडिया एडवरटाइजमेंट का कोर्स करना था। महिमा और इति कंप्यूटर सेंटर से क्लास अटेंड करने के बाद एक्टिवा से घर जाने के लिए निकल गई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वे एक्टिवा से पंचशील नगर पुलिया के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रही सागर पब्लिक स्कूल की बस ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों एक्टिवा समेत सड़क पर गिर गई थीं। इस हादसे में महिमा को सिर में गंभीर चोट थी। उसकी हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई।

### तीन बहनों में मंझली बहन थी महिमा

महिमा की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। वह परिवार में मझली बेटी थी, जबकि उससे एक छोटी बहन है। महिमा की मौत की खबर सुनकर मां पिता बेसुध हो गए। पुलिस ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उस समय सागर पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को उनके घर छोड़कर लौट रही थी। पुलिस ने बस जब्त कर टक्कर मारने वाले बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में इति उपाध्याय की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## गांजा तस्करों से 9 किलो 80 ग्राम गांजा जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर यश बैंक के पास से एक महिला सहित तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 किलो 80 ग्राम गांजा जब्त किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी सस्ते में गांजा खरीदकर लाते थे और उसे भोपाल में फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाते थे। क्राइम ब्रांच आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर में यश बैंक के सामने मैदान से एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 9 किलो 80 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम पूजा कुचबंदिया पति दीपक कुचबंदिया (30) गंज बजरंग चौक सीहोर, देव कुचबंदिया पिता मूरत सिंह कुचबंदिया (20) बजरंग चौराहा गंज सीहोर और शिवम कुचबंदिया पिता बबलू कुचबंदिया (19) गंज बजरंग चौराहा, सीहोर का बताया। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

भोपाल-विदिशा रोड पर टोल नाके के पास हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

**गंजबासौदा स्थित अपने गांव बालराखुर्द जाने के लिए निकला था युवक**

◆ आरटीओ से इंश्योरेंस की कॉपी निकालकर पुलिस ने की शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-विदिशा रोड पर टोल नाके के पास बुधवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



पुलिस के अनुसार भोपाल-विदिशा रोड पर टोल नाके के पास बुधवार शाम करीब करीब साढ़े 4 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक की बाइक का नंबर आरटीओ की वेबसाइट पर सर्च किया, लेकिन रजिस्ट्रेशन फेल्ड था। पुलिस आरटीओ पहुंची और बाइक के इंश्योरेंस की पुरानी कॉपी निकाली। उससे पता चला कि मृतक कल्याण नगर छोला का रहने वाला है।

कल्याण नगर पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी सोनाली अहिरवार ने बताया कि मृतक उनके पति जितेंद्र पिता रामचरण अहिरवार 32 साल के हैं और वे मजदूरी करते थे। गुरुवार को बाइक से गंजबासौदा स्थित अपने गांव बालराखुर्द जाने के लिए निकले थे। उन्हें पता ही नहीं चला कि उनका कब हादसा हो गया और वे इस दुनिया में नहीं रहे।

### बेटे को लगाई फटकार मां ने किया विरोध तो पिता ने लगा ली फांसी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णपुरम कॉलोनी में बुधवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उन्होंने बेटे को कोचिंग नहीं जाने पर फटकार लगाई थी। इसका पत्नी ने विरोध किया और पति पत्नी में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वे कमरे में पहुंचे और फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार मूलतः छिंदवाड़ा निवासी 38 साल के रमेश पवार, श्रीकृष्णपुरम कॉलोनी मिसरोद में रहते थे। वह मंदीडीप स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। बुधवार शाम उनका बेटा कोचिंग से जल्दी घर लौट आया। रमेश को लगा कि वह कोचिंग नहीं गया और झूठ बोल रहा है। रमेश ने बेटे को फटकार लगाई और वह रोने लगा। इस पर रमेश की पत्नी ने उनका विरोध किया। पत्नी के विरोध करने पर दोनों में कहासुनी हुई और रमेश अंदर कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उनकी पत्नी कमरे में पहुंची तो रमेश फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। वह पड़ोसियों की मदद से पति को लेकर अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## लघुशंका करने से मना करने पर सिर कुचलकर की थी हत्या, गिरफ्तार

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित चिनार बिल्डिंग के पास फुटपाथ पर युवक की हत्या करने वाले हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि फुटपाथ पर सोने वाले मृतक ने आरोपी को लघुशंका करने से मना किया था। जिसके कारण उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोपी ने उसकी सिर कुचलकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार वसीम खान पुत्र नसीम खान (40) मूलतः विदिशा का रहने वाला था। फिलहाल वह बैरसिया रोड चौकसे नगर स्थित चिनार बिल्डिंग के पास फुटपाथ पर रहता था और कबाड़ा बीनने का काम करता था। बीती 23 फरवरी की रात वह फुटपाथ पर सो रहा था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसके दोस्त की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने पड़ताल के बाद संदेही आशिफ खान पिता शहजाद खान (32) निवासी किराए का मकान रंभा नगर थाना गौतम नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने फुटपाथ पर सोने वाले युवक की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

आईएसबीटी से बस में बरेली जाने के लिए हुए थे सवार बुजुर्ग दंपती

# यात्री बस की डिग्गी में रखे बैग से सोने का हार चोरी, हेल्पर गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसबीटी से बरेली रायसेन के लिए जाने वाली यात्री बस की डिग्गी में रखे यात्री के बैग से सोने का हार चोरी हो गया। घटना के बाद से बस का हेल्पर गायब है, जिसने बैग डिग्गी में रखा था। गोविंदपुरा पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोने के हार की कीमत साढ़े 75 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक राधाकुंज अवधपुरी निवासी रामेश्वर प्रसाद शर्मा (67) विगत 19 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे अपनी पत्नी सुनीता शर्मा के साथ बरेली रायसेन शादी में जाने के लिए आईएसबीटी भोपाल से बस में सवार हुए थे। उनके पास एक बैग था, जिसमें कपड़ों के साथ पांच साल पहले 75 हजार 500 रुपए में खरीदा सोने का हार भी रखा था। बैग उन्होंने अपने पास ही रखा था, लेकिन बस के कंडक्टर ने हेल्पर करन को बैग बस के पीछे वाली डिग्गी में रखने के लिए दे दिया। रामेश्वर प्रसाद ने कहा भी कि अपना बैग मैं अपने पास ही रखूंगा, लेकिन कंडक्टर नहीं माना। फरियादी रामेश्वर प्रसाद का कहना है कि जब वे बरेली में मैरिज गार्डन पहुंचे और डिग्गी से बैग निकाला तो ताला टूटा मिला। उसमें रखा सोने के हार का डिब्बा भी गायब था। शादी कार्यक्रम से लौटने के बाद आईएसबीटी बस स्टैंड में उक्त बस की कई दिनों तक तलाश की। बस मिलने पर कंडक्टर ने बताया कि हेल्पर करन उस दिन से ही बस में नहीं आ रहा है। कंडक्टर ने हेल्पर का नंबर भी दिया, लेकिन उसका मोबाइल बंद आ रहा है। लिहाजा फरियादी ने गोविंदपुरा थाने जाकर चोरी का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस का कहना है कि संदेही करन की तलाश की जा रही है। बस के दूसरे कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

**बरेली में मैरिज गार्डन पहुंचे और बैग निकाला तो ताला टूटा मिला**

## नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को, बिजली प्रकरण के होंगे समझौते

**भोपाल।** आठ मार्च को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतो से निराकृत किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

## एक माह से चल रहे 'हरि ॐ नमः शिवाय' जाप का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुखसागर उदासीन आश्रम में विगत एक माह से चल रही हरि ॐ नमः शिवाय एवं श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का जाप का समापन हो गया। इस अवसर पर आश्रम के गदीशीन बाबा रामदास उदासीन व आश्रम के श्रद्धालुओं द्वारा पंचामृत से शिवअभिषेक किया और पूजा-अर्चना की गई। बाबा जी द्वारा सत्संग कार्यक्रम में भगवान शिव की महिमा पर प्रकाश डाला।

भगवान शिव से बड़ा इस दुनिया में कोई नहीं, शिव ही सत्य है, शिव ही सुंदर है। सत्यम शिवम एवं सुंदरम। इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया।

मेट्रीमोनियल साइट पर हुई थी आरोपी से दोस्ती

## राजगढ़ के व्यापारी ने होटल में किया छात्रा से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित होटल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा से राजगढ़ के व्यापारी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दरअसल, आरोपी और पीड़िता की पहचान शादी मेट्रीमोनियल साइट पर हुई थी। पहचान होने के कारण दोनों में दोस्ती हो गई और आरोपी उससे मिलने भोपाल पहुंचा था। इस दौरान बागसेवनिया की एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया।

पुलिस के अनुसार बीएससी ग्रेजुएट 28 साल की छात्रा भोपाल में रहती है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर रही है। उसके पिता व्यापारी हैं। शादी के लिए परिजन ने मेट्रीमोनियल साइट पर बेटी का बायोडाटा अपलोड किया था। बायोडाटा देखने के बाद कपिल गुप्ता ने छात्रा से संपर्क किया। दोनों के बीच बात होने लगी और जल्द ही दोस्ती हो गई। आरोपी कपिल गुप्ता ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और मई 2024 में उससे मिलने के लिए भोपाल पहुंचा। इस दौरान आरोपी उसे लेकर एक होटल में पहुंचा और वहां उससे दुष्कर्म किया। मई में हुई घटना के बाद दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत होती रही, लेकिन फिर आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से इंकार कर दिया।

## छह साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने वाला अधेड़ गिरफ्तार

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम से अश्लील हरकत करने वाले 56 साल के अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार 6 साल की बच्ची इलाके में अपने नाना-नानी के साथ रहती है। उसके माता-पिता मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। गत 25 फरवरी मंगलवार को उसकी नाना-नानी मजदूरी करने गए थे। शाम को नानी लौटी तो मासूम ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला शमशाद ने उसे खेलने के लिए घर बुलाया और उसने उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। नाना-नानी गुरुवार को गांधी नगर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की।

बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु खूब थिरके, जगह जगह हुआ स्वागत

# महाशिवरात्रि पर अर्जुन नगर शिव मंदिर से निकली भव्य शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर शिव मंदिर से देर रात्रि में शिव बारात निकाली गई। भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और हर-हर महादेव, बम भोले के जय घोष गूंज उठे। ओवर ब्रिज सीताराम चौराहा, मैन बाजार, श्री राम मंदिर होते हुए शिव बारात मंदिर परिसर में पहुंची।





शिव बारात में भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं शिव बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत कर आरती की। हिंदू उत्सव समिति वरिष्ठ गुलाबी नेमा, जीतू नेमा ने दुकान के सामने प्रसाद वितरण कर पुष्प वर्षा की। बच्चन लोधी, पदम सिंह चौहान, बाला चौधरी, धर्मेंद्र चौरसिया, आरती यादव, मुकेश कहार, उमेश नागर ने शिव बारात में जयपुरी आतिशबाजी की और रंग बिरंगी बिजली सजावट भी की।

## अतिक्रमण हटाने का नोटिस तो दिया, पर कब हटेगा ज्ञात नहीं

**औबेदुल्लागंज।** अतिक्रमण हटाओ के नोटिस तो वितरण हो गए, मगर अतिक्रमण हटाने की तारीख अभी तक नहीं आई है। सीएमओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि ऊपर से अतिक्रमण हटाने की तारीख आने पर अतिक्रमण हटाया जाएगा। ज्ञातव्य हों कि यह आठवीं बार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया है। अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद को पसीना आ रहा है। कोई भी जिम्मेदार स्पष्ट नहीं बता रहा कि अतिक्रमण हटेगा या नहीं। पार्षदों का कहना है कि पार्षदों की बैठक नहीं की, और यह भी नहीं बताया कि अतिक्रमण कहां-कहां का हटेगा। वहीं आम लोगों का और पार्षदों का कहना है अतिक्रमण चाहे कोई का हों सबका हटे भेदभाव न हो।

**मोबाइल में नई सिम डालते ही पुलिस ने की लोकेशन ट्रैस**

# दो साल पहले हुआ था चौदह साल की किशोरी का अपहरण, चार महीने के बच्चे के साथ पुलिस ने ढूंढा

◆ बिलखिरिया थाना पुलिस ने की कार्रवाई, उज्जैन पहुंचकर किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता से दो साल पहले लापता हुई 14 साल की किशोरी को पुलिस को उज्जैन के एक गांव में मिल गई। पुलिस को उसके साथ चार महीने का बेटा भी मिला है। दरअसल, किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर राजस्थान ले गया था। वहां मंदिर में शादी कर ली थी। किशोरी को अगवा करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि कोकता निवासी किशोरी और उसके दो भाई चाचा के साथ रहते थे। माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। जुलाई 2023 में परिजन ने किशोरी के अगवा होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय किशोरी की उम्र 13 साल 10 महीने थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और मोबाइल की लोकेशन भी ट्रेस करना शुरू कर दी। जांच में पता चला कि संदेही ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। करीब दो साल बाद पिछले दिनों साइबर सेल से पता चला कि संदेही के मोबाइल में नई सिम लगाई गई है और मोबाइल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### टॉवर लोकेशन से पहुंची पुलिस

मोबाइल की टॉवर लोकेशन के आधार पर पुलिस उज्जैन के एक गांव पहुंची। वहां अगवा किशोरी मिल गई। गांव में किशोरी कथित सास-ससुर के साथ रह रही थी। उसके साथ उसका चार माह का बेटा है। पुलिस मां-बेटे को भोपाल लेकर पहुंची। किशोरी ने बताया कि आरोपी गोविंद (21) लौहपीटा है और उसका किशोरी के घर आना-जाना था। जुलाई 2023 में उसने किशोरी को अगवा कर लिया। दोनों राजस्थान पहुंचे और एक मंदिर में शादी कर ली। दोनों वहां झुग्गी बनाकर रह रहे थे। गोविंद खेतों में काम करता है। पुलिस का कहना है कि इन दिनों राजस्थान में सरसो कटाई का काम चल रहा है। गोविंद ने किशोरी को उज्जैन भेज दिया था, जबकि वह खुद सरसो कटाई के बाद उज्जैन आने वाला था।


# वासुपूज्य भगवान का जन्म और तप कल्याणक मनाया

**अष्ट द्रव्यों से अर्घ्य देकर की भगवान की पूजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में गुरुवार को जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का जन्म कल्याणक और तप कल्याणक धूमधाम से मनाया। गुरुवार को फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के दिन महावीर कॉलोनी स्थित नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक और शांतिधारा के अलावा अष्ट द्रव्यों से अर्घ्य देकर भगवान की पूजन की गई।

कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव अभिनेष जैन ने बताया कि मंदिर के द्वितीय तल पर विराजमान भगवान वासुपूज्य के जन्म और तप के कल्याणक के



अवसर पर भगवान का अभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना को लेकर शांतिधारा की गई। इस अवसर पर कमेटी के कमलकुमार जैन, संजय जैन, रमेशचन्द्र जैन, धर्मेन्द्र जैन, अनिल जैन, विनय जैन, पीयुष जैन, सचिन जैन, विजय जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# कायरता से दूर अटल संकल्पों का अनुशासन हो...

## भोजपुर महोत्सव में 'शिव तांडव' एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सिंहासन के माने होते हैं सिंहों सा आसन हो, कायरता से दूर अटल संकल्पों का अनुशासन हो... डॉ. हरिओम पंवार की इस कविता पर संपूर्ण परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं डॉ. अनामिका अंबर ने बिखरकर शौर्य की ख़ुशबू चमन को चूम लेती है, जवां हसरत तिरंगे की गगन को चूम लेती है, सिपाही जब निकलता है वतन पर जान देने को, वतन की धूल उड़-उड़ कर बदन को चूम लेती है.. सुनाई। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भोजपुर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव में गुरुवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही तालवाद्य कचहरी में अंशुल प्रताप सिंह एवं साथी, भोपाल ने 'शिव तांडव' की प्रस्तुति दी।



### दिल्ली के सिंहासन पर, जय श्रीराम जय श्रीराम...

इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें डॉ. अंबर ने जैसे ही, तय कर लो अब सत्य सनातन, की छाया हो शासन पर, राम भक्त ही राज करेगा, दिल्ली के सिंहासन पर, राम प्रतिष्ठित किए जिन्होंने, अवधपुरी के आसन पर, रामभक्त ही राज करेगा, दिल्ली के सिंहासन पर, जय श्री राम जय श्रीराम, जय श्रीराम जय श्रीराम... कविता का पाठ किया पूरा मुक्ताकाश मंच जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

### तुम्हारे प्यार की ख़ातिर, चली आऊंगी...

इसके पश्चात उन्होंने प्रेम की मिठास से भरी रचना मोहब्बत के सफ़र को एक हसीं आग़ाज़ दे देना, मेरा कल मुस्कुरा उठे तुम ऐसा आज दे देना, वफाएं देख लेना तुम तुम्हारी प्यार की ख़ातिर, चली आऊंगी मैं सब छोड़ कर आवाज़ दे देना... पेश की।

### शिव के डमरू और शंखनाद की उम्दा प्रस्तुति




शिव तांडव की शुरुआत तीन ताल 16 मात्रा में की। कलाकारों ने वैरागी भैरव बसंत मुखारी राग, ताल रूपक एवं तीन ताल में शिव की महिमा का बखान किया। अंशुल ने तबला पर शिव के डमरू और शंखनाद को तबले के सामंजस्य से इतनी ख़ूबसूरती से पेश किया कि उपस्थित सुधीजन शिव-शक्ति के मेल को साक्षात अनुभव कर पा रहे थे। अंतिम चरण में सभी वाद्यों की शिव तांडव पर जुगलबंदी सवाल-जबाव के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

---

### व्यापार, संस्कृति, शिक्षा पर जैकलीन मुकंगीरा ने साझा किए विचार



## भारत-रवांडा द्विपक्षीय संबंधों पर ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन

**भोपाल।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने भारत और रवांडा के दीर्घकालिक संबंधों पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया, जिसमें भारत में रवांडा गणराज्य की उच्चायुक्त जैकलीन मुकंगीरा ने रवांडा का अतीत, पुनर्जन्म और उन देशों के बीच मौजूदा प्रगति पर विचार रखे, जिन्होंने व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और कूटनीति के माध्यम से इसकी वैश्विक प्रमुखता को स्वीकार किया है। उन्होंने एक व्यावहारिक राष्ट्र के रूप में रवांडा के विकास, इसकी बेहतर अर्थव्यवस्था, अवसंरचनात्मक कौशल और त्रुटिहीन आतिथ्य का विशिष्ट रूप से विश्लेषण किया। सांख्यिकी, वैश्विक रिपोर्टों और वीडियो प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला के माध्यम से, विशेषज्ञ वक्ता ने रवांडा राज्य प्रशासन की बारीकियों पर जानकारी प्रदान की।

*भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में ज्ञानवर्धन सत्र का हुआ कार्यक्रम*

---

### एमएलबी कॉलेज में सर्वगुणी अनन्या प्रतियोगिता का आयोजन

# आत्मविश्वास से परिपूर्ण जवाब पाकर सोहना बंजारे को चुन लिया गया सर्वगुणी अनन्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



आज की युवा पीढ़ी पारंपरिक रीतियां, विवाह, परिवार को अपने जीवन की आवश्यकता नहीं मानतीं, क्या आप इससे सहमत हैं? आपके जीवन का आदर्श व्यक्ति कौन है और क्यों ? आपके जीवन की सफलता में मां की क्या भूमिका है? आज के समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का आप क्या भविष्य देखती हैं? कुछ इसी तरह के सवालों के जवाब देती सर्वगुण अनन्या..., आंखों में विश्वास और पर्सनालिटी में पूरे कॉन्फिडेंस के साथ जहां सर्वगुणी अनन्या ने रैंप वॉक से दर्शकों का दिल जीता तो वहीं आत्मविश्वास से भरे अपने जवाबों से उन्होंने अपने बुलंद हौसले की मिसाल पेश की।

*आज के समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का क्या भविष्य देखती हैं?*



*युवा पीढ़ी पारंपरिक रीतियां, विवाह, परिवार को अपने जीवन की आवश्यकता नहीं मानतीं*



### फर्स्ट और सेकेंड रनरअप रहीं हर्षी सिन्हा व अनम खान

चार राउंड में आयोजित एमएलबी कॉलेज की सर्वगुणी अनन्या प्रतियोगिता में छात्राओं ने जहां रैंप वॉक के माध्यम से अपने सौंदर्य की झलक पेश की तो वहीं दूसरी ओर बेझिझक सवालों के जवाब ने उनके भीतर के कांफिडेंस को भी दिखाया। सर्वगुणी अनन्या का ताज सोहना बंजारे ने पहना तो वहीं सेकेण्ड रनरअप रहीं अनम खान और फर्स्ट रनरअप रहीं हर्षी सिन्हा।



### छात्राओं को रखना होगा स्वयं पर आत्मविश्वास

मुख्य अतिथि अनुराधा शंकर ने कहा कि हमारे मौलिक अधिकार हमें तब ही प्राप्त हो सकते हैं जब दूसरे अपने कर्तव्य निभाएं। दूसरे के अधिकारों की रक्षा भी तभी कर पाएंगे जब हम अपने कर्तव्य निभाएंगे। छात्राओं को स्वयं पर आत्मविश्वास रखना होगा।



### पांच अलग-अल केटेगरी में भी छात्राएं हुईं पुरस्कृत

1- सुदर्शिनी अनन्या का पुरस्कार सोहना बंजारे को मिला।
2-सुभाषिणी अनन्या का पुरस्कार इंशा मिर्ज़ा को
3-सुकृति अनन्या का पुरस्कार अनम खान को
4-सुरमयी अनन्या का पुरस्कार हर्षी सिन्हा को
5-सुहासिनी अनन्या का पुरस्कार अनम खान को

---

### पहला अकादमी इंडस्ट्री एमओयू...



## बीयू-ग्लोबल बायोटेक लिमिटेड हांगकांग के मध्य एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय एवं ग्लोबल बायोटेक लिमिटेड हांगकांग के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए, यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय अकादमी इंडस्ट्री एमओयू है। ग्लोबेक्स बायोटेक हांगकांग एक अल्गल बायोटेक्नोलॉजी पर आधारित अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक कंपनी है, जिसका उद्देश्य बरकतउल्ला विवि के विभिन्न टीचिंग पाठ्यक्रमों का शोध और नवाचार कम रिसर्च बेस्ड इनोवेशन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर इनक्यूबेशन और एंटरप्रेन्योरशिप एवं अकादमी एक्सचेंज के अंतर्गत ग्लोब्स हांगकांग के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्य करना है। यह एमओयू 5 वर्षों के लिए किया गया है जिसमें मटेरियल ट्रांसफर एग्रीमेंट के अंतर्गत कार्य संपादित किए जाएंगे।

### आज आयोजित हो रहा कार्यक्रम

## दुष्यंत संग्रहालय में दुष्यंत के पत्रों के पाठ का आयोजन आज

**भोपाल।** दुष्यंत कुमार संग्रहालय द्वारा 28 फरवरी को दुष्यन्त पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इस बार दुष्यंत के पत्रों का पाठ और उन पर चर्चा आयोजित की जाएगी। इस चर्चा में अतिथि के रूप में राजेश जोशी एवं रेखा कस्तवार उपस्थित रहेंगे।

इस चर्चा की सूत्रधार विशाखा राजुरकर राज रहेंगी। उल्लेखनीय है कि दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संग्रहालय में प्रत्येक माह कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है।

■ **उल्लेखनीय है कि दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संग्रहालय में प्रत्येक माह कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है**

---

# राजकपूर के सदाबहार गीतों पर किया कठपुतली नृत्य...

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

### आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'उजास 2025' के समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

मेरा जूता है जापानी ये पतलून इंग्लिसतानी..., प्यार हुआ इकरार हुआ है...., जीना यहां मरना यहां..., एक दिन बिक जाएगा... प्रसिद्ध अभिनेता राजकपूर के सदाबहार गीतों पर कठपुतली नृत्य के माध्यम से श्रद्धांजलि देती छात्राओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं हॉलीवुड तथा ओडिसी नृत्य की मनभावन प्रस्तुति से आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'उजास 2025' का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आई पर्वतारोही भावना डेहरिया।



### पंजाबी रैप डांस, तेरह ताली... रही खास

इस अवसर पर अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोविंदम-भक्ति का संगम, शास्त्रीय नृत्य से हुआ। इसके बाद लोक नृत्य तेरह ताली... की प्रस्तुति खास रही। वहीं अगली कड़ी में दुष्यंत-शकुंतला प्रेम प्रसंग पर आधारित नृत्य नाटिका ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में पंजाबी रैप डांस की प्रस्तुति ने दर्शकों को ठुमके लगाने पर मजबूर कर दिया।



# गायत्री साहित्य संस्थान दिल्ली से 'मयंक' का काव्यपाठ एवं सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

गायत्री साहित्य संस्थान ने बीते दिनों संस्थान का दसवां स्थापना दिवस दिल्ली के हिन्दी भवन में मनाया। इस कार्यक्रम में भोपाल के डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक' का काव्यपाठ एवं सम्मान हुआ। इसी श्रृंखला में संस्था द्वारा डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक'की तीसरी कृति 'कुछ याद रहा कुछ भूल गया' का लोकार्पण भी किया गया। इसके साथ ही संस्था द्वारा एक साझा कविता संग्रह 'भवापन्न सृजन' भी प्रकाशित किया गया, जिसमें मयंक की पांच रचनाओं को स्थान दिया गया। संस्था द्वारा डॉ.अनिल शर्मा 'मयंक' को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र तथा पांच




पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। इस पर मयंक ने संस्था तथा संस्था की संस्थापिका डॉ. हेमलता (बबली वशिष्ठ) अतिथि एवं दिल्ली शहर के सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया है।

---

# 'मेरी उड़ान मेरी पहचान: सीजन 8' का आयोजन कल

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान



**भोपाल।** सामाजिक संस्था संस्कार सुधा फाउंडेशन प्रतिवर्ष होने वाले अपने आयोजन 'मेरी उड़ान मेरी पहचान : सीजन 8' को 1 मार्च को आयोजित कर रही है। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत 2047-विकास भी, विरासत भी' होगी, जिसके अंतर्गत 15 महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने एमपी नगर स्थित निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

### शाटिका ग्रंथ की महिलाएं करेंगी खादी साड़ी में रैंप वाक

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ ही शाटिका ग्रंथ द्वारा खादी की साड़ियों में रैंप वाक भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, महापौर मालती राय मौजूद रहेंगी।

### शहीद भवन में चार दिवसीय हास्य नाट्य समारोह में नाटक 'हार-जीत' का मंचन

# पति-पत्नी की नोंक-झोंक, खुदकुशी से पहुंचती है वापस प्रेम की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पति-पत्नी का संबंध सनातन काल से अटूट रहा है। विवाह से लेकर पूरे वैवाहिक जीवन में विभिन्न उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। खट्टी-मीठी बातें मान-मनुहार, झगड़ा-उलझनें कितनी भी हों, परन्तु पति-पत्नी का प्रेम एवं संबंध अटूट रुप में बना रहता है। विभिन्न वैचारिक मतभेद होते हुए भी साथ की आशा एवं विश्वास ही हार-जीत कहानी का आधार है। और इसी 'हार-जीत' का नाट्य मंचन देखने को मिला गुरुवार को शहीद भवन में। स्व. प्रभात गांगुली एवं पद्मश्री गुलबर्द्धन की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय हास्य नाट्य एवं सम्मान समारोह में नाटक 'हार-जीत' का मंचन किया गया। जिसमें निर्देशन जावेद अजीज (राही) का रहा और प्रस्तुति हबीब थिएटर की।



### कितनी भी हो लड़ाई, सुलह ही है एक मात्र हथियार

नाटक में दिखाया कि पति-पत्नी की नोंक-झोंक एक उच्च बिन्दु पर यानि आत्महत्या पर पहुंच कर वापस प्रेम की ओर मुड़ जाती है। आध्यात्मिक प्रेम एवं आत्मीयता की एक अजब अनूठी मिसाल पेश करती कहानी हार-जीत। नाटक में दिखाया कि पुरुष पात्र अपनी सहचरी का कायल है और पत्नी की तीखे व्यवहार का दोष अपनी भाभी को देता है। यह स्नेह की पराकाष्ठा है। हार-जीत में हार न पति की होती है और न पत्नी की जीत क्योंकि जीते कोई भी हारे कोई भी, सुलह ही एक मात्र हथियार है। अन्त में जहां पत्नी कांच का पावडर खाकर आत्महत्या करने की धमकी देती है साथ ही साथ माफ भी कर रही है और नायक से कहती है- लो जी लिख दूं मैं अपनी मर्जी से जान दे रही हूं ताकि कोई तुम्हें कुछ न कहे। इस बात पर नायक निसार हो जाता है।



## प्रयागराज न जाने पर रामदास ने साधा निशाना

# राहुल और उद्धव ठाकरे खुद को कहते हैं हिंदू, लेकिन महाकुंभ पर उठाए सवाल और नहीं लगाई डुबकी, अब उनका हिंदुत्व कहां गया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि कुछ राजनेता खुद को हिंदू मानते हैं और हिंदू वोट चाहते हैं।



फिर भी राहुल गांधी ने महाकुंभ को छोड़ने का फैसला शायद इसलिए लिया, क्योंकि उन्होंने इसे पीएम नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ का कुंभ माना, न कि हिंदुओं का। महाकुंभ में न जाने के लिए उद्धव ठाकरे सच्चे हिंदू या बाला साहेब के उत्तराधिकारी नहीं हैं। चुनावों में जनता दोनों को कड़ा सबक सिखाएगी और उनकी राजनीति धराशायी हो जाएगी।

**महाकुंभ पर सियासत नहीं थमी**

*अठावले ने मुख्यमंत्री स्टालिन को भी खरी-खरी सुनाई*

इसके साथ ही रामदास ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर भी हिंदी को लेकर हमला किया और कहा कि मैं तमिल बोलने वाले लोगों से अनुरोध करता हूं कि अगर वे हिंदी में बात नहीं करना चाहते हैं तो वे हिंदी में बोलने के लिए बाध्य नहीं हैं, लेकिन भाषा का जोरदार विरोध न करें।

### योगी ने सफलता के लिए पीएम को दिया धन्यवाद



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभके सफल समापन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया और इस भव्य धार्मिक समागम को 'एकता, समानता और सद्भाव का महायज्ञ' बताया। योगी ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि 'एकता, समता, समरसता का महायज्ञ' महाकुxभ-भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर संपन्न हो गया है।

### हिंदू वोटर्स करें उनका बहिष्कार



अठावले ने कहा है कि कुंभ मेले में नहीं जाने के लिए वोटर्स को राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे का बहिष्कार करना चाहिए। अठावले ने दावा किया कि उद्धव और राहुल महाकुंभ में नहीं जाकर हिंदू समुदाय का अपमान किया है।

### गांधी परिवार की तरफ से मैंने लगाई डुबकीः राय



यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय नेस्नान किया। राहुल और प्रियंका पर कहा कि उनकी ओर से मैंने स्नान किया।

### हिंदू के रूप में जन्मा था हिंदू ही मरूंगाः शिवकुमार



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ था और हिंदू के रूप में ही मरूंगा।

### महाकुंभ पहले ही समाप्त हो गया थाः अविमुक्तेश्वरानंद



महाकुंभ बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के साथ संपन्न हुआ। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दावा किया कि असली महाकुंभ तो पहले ही समाप्त हो चुका था। यह तो सरकारी है।

### राहुल- प्रियंका तुष्टिकरण की राजनीति कर रहेः मौनी



राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के महाकुंभ नहीं आने पर संत महात्माओं ने भी सवाल उठाए हैं। अमेठी के परमहंस धाम के पीठाधीश्वर शिवयोगी मौनी महाराज ने कहा है कि जिन लोगों की सनातन धर्म में आस्था ही नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक की बैठक में भिड़े कार्यकर्ता

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई। अध्यक्षता



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे। इस बैठक में कई कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

### शिमला में छात्रा का अपहरण, मामला दर्ज

**शिमला।** यहां के एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने



अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी निजी कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर करीब पौने चार बजे उन्हें अपनी बेटी के नंबर से कॉल आया।

### इडली में प्लास्टिक शीट पर 52 होटलों पर केस

**बेंगलुरु।** आमतौर पर लोग दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली को बेहद चाव से खाते हैं लेकिन इसको



लेकर कर्नाटक में एक बड़ा खुलासा हुआ है जिसके बाद राज्य सरकार ने 52 होटलों पर कार्रवाई की है। कर्नाटक खाद्य सुरक्षा विभाग ने इसका खुलासा किया है जिससे लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है।

### युवक के 3 टुकड़े कर हिंडन में फेंक दिया

**बागपत।** मउसे बागपत की महिला के माध्यम से बुलाकर नशीला पदार्थ मिलाकर चाय पिलाई और



फिर गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। शव के 3 टुकड़े करके बोरे में भरकर हिंडन में फेंक दिए। पुलिस ने फैसल के शव के तीनों टुकड़े बरामद किए।असगर का बेटा कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था।

---

## दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने रखे कई प्रस्ताव

# नजफगढ़ का नाहरगढ़, महोमदपुर का माधव पुरम और मुस्तफाबाद का नाम 'शिवपुरी' हो

### भाजपा विधायकों नीलम पहलमान, अनिल शर्मा और मोहन बिष्ट ने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मौजूदा सत्र का गुरुवार को तीसरा दिन था। विपक्ष के 21 विधायकों के सस्पेंड होने के बाद सदन में केवल सत्ताधारी भाजपा विधायक ही मौजूद रहे।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर सीएम योगी और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। इसके बाद अन्य विधायकों ने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस दौरान नजफगढ़ से भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने सदन में नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने इसका नाम नाहरगढ़ से बदलकर नजफगढ़ रखा था। नीलम ने कहा कि 1857 की लड़ाई में राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़के नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के प्रांत में शामिल करवाया था, लेकिन कई कागजी कार्रवाई होने के बावजूद भी आज तक नाम नहीं बदला गया। नजफगढ़ का नाम बदलने की कई अपील की। कैलाश गहलोत ने कहा, अगर नजफगढ़ के लोग चाहते है तो उस भावना को मानना चाहिए और नाम बदलना चाहिए।

**नाम परिवर्तन की चर्चा रही हावी**

**3 विधायक कर चुके नाम बदलने की वकालत**



आरके पुरम से भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने भी अपनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव महोमदपुर का नाम बदलने की मांग की और कहा कि महोमदपुर का नाम माधवपुरम रखा जाए। इससे पहले विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद का नाम बदलने की मांग करते हुए कहा था कि इसका नाम 'शिवपुरी' या 'शिव विहार' रखा जाए।



### शीशमहल की भी जांच कराई जाएगीः प्रवेश

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि बारापुला परियोजना की लागत पहले ही स्वीकृत राशि से दोगुनी हो चुकी है। कंपनी ने मुझे बताया है कि पिछले 10 सालों में कोई भी मंत्री फॉलो-अप के लिए नहीं आया। कई परियोजनाओं की लागत फॉलो-अप न होने के कारण दोगुनी हो गई है। कैग रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि हम 2000 करोड़ के घोटाले पर चर्चा करेंगे। शीशमहल की भी जांच कराई जाएगी।

### आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी

विधानसभा ने आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी। वह तीन महीने में अपनी सिफारिश देगी। इससे पहले सभी विभागों को रिपोर्ट के संबंध में एक महीने के अंदर अपना जब फाइल करना है।

### बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया



भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। वे छठी बार विधायक बने हैं। वह पांच बार करावल नगर से जीते थे, जबकि इस बार मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया था।

### आप ने कोई घोटाला छोड़ा ही नहींः सिरसा

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आप सरकार ने दोनों हाथों से



जनता को लूटा है। शराब घोटाला, स्कूल घोटाला, बस घोटाला और अब कैमरा घोटाला भी सामने आ रहा है। यह कहते थे कि कैमरा चोरी पकड़ेगा, लेकिन चोर ही कैमरे ले गए। इन्होंने कोई घोटाला छोड़ा ही नहीं है।

## विधानसभा के बाहर धरने पर बैठीं आतिशी

दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उन्हें और उनकी



पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के तौर पर अमानतुल्लाह खान विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा ले रहे हैं। जिस दिन एलजी का अभिभाषण था उस दिन अमानतुल्लाह अनुपस्थित थे। इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया था।आप ने आरोप लगाया कि दिल्ली में तानाशाही चल रही है।

**आप का प्रदर्शन जारी**

आप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के अपमान और भाजपा की तानाशाही के ख़िलाफ़ आम आदमी पार्टी के विधायकों का प्रदर्शन जारी है।

**अब राष्ट्रपति से शिकायत करेंगी आतिशी**

दिल्ली विधानसभा से 21 आम आदमी पार्टी के विधायकों को बाहर करने का मुद्दा गरमाता जा रहा है। आतिशी ने अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है।

---

## दिल्ली छावनी में किया गया आयोजन

# नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री ने किया पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों संग संवाद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने गुरुवार को दिल्ली छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत के चंद्रयान मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय के लिए खासा महत्वपूर्ण है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें मैसिमिनो के संबोधन का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने छात्रों से कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की चुनौती है। लेकिन यह उपलब्धि वहां बसने के लिए आवश्यक जल स्रोतों के बारे में अहम जानकारी प्रदान कर सकती है। उन्होंने भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। मैसिमिनो ने विद्यालय की तमाम सुविधाओं का जायजा लिया। जिसमें एआर-वीआर लैब, अटल टिंकरिंग लैब भाषा प्रयोगशाला मुख्य रूप से शामिल हैं।

### छात्रों के साथ बांटे अपने अनुभव

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने छात्रों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैसे 7 अंतरिक्ष यात्रियों पर आधारित एक फिल्म ने उन्हें अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण, यात्राओं के दौरान उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में उनके प्रश्नों के जवाब दिए। मैसिमिनो ने बताया कि अंतरिक्ष में कैसे जीरो ग्रेविटी के साथ तालमेल बिठाया, सोने की व्यवस्था और काम करने के लिए कंसोल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। छात्र अंतरिक्ष अन्वेषण में एआई की भूमिका के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने कहा कि एआई प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगा। जिससे वे कुशल, किफायती और सुरक्षित बनेंगे।

### मंगल पर बसना चुनौतीपूर्ण

कार्यक्रम में छात्रों ने अंतरिक्ष यात्री के रूप में करियर की चुनौतियों और उनकी तैयारी से जुड़े प्रमुख विषयों के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए। मैसिमिनो ने मृदा विज्ञान, समुद्री विज्ञान के साथ विभिन्न क्षेत्रों की खोज के महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने पूछा कि क्या भविष्य में मंगल पर मानव का बसना संभव होगा? अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि चंद्रमा पर रहना जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है।

---

## 'मायना कोल्लई' उत्सव



**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में गुरुवार को 'मायना कोल्लई' उत्सव के अवसर पर जुलूस के दौरान देवी काली की पोशाक पहने भक्त अनुष्ठान में नृत्य कर रहे हैं।

### अब गोवा में कल से नकद में नहीं होगा ट्रैफिक चालान

**पणजी।** अब गोवा में ट्रैफिक चालान का भुगतान कैश में नहीं किया जा सकेगा। गोवा पुलिस का



ट्रैफिक सेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम अपनाने जा रहा है। जिससे वाहन चालकों के लिए भुगतान प्रक्रिया को आसान और सुगम बनाया जा सके। ट्रैफिक सेल ने ऐलान किया कि 1 मार्च किए गए ट्रैफिक चालान का भुगतान नकद में नहीं किया जा सकेगा।

## नीतीश कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

# सिन्हा को कृषि विभाग मंत्री बनाया, राजस्व के साथ भूमि सुधार विभाग संभालेंगे सरावगी

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने 7 नए चेहरों को शामिल किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी मंत्रिपरिषद में 7 नए चेहरों को शामिल किया। ये सभी गठबंधन सहयोगी भाजपा से हैं। राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है उनमें जिबेश कुमार, संजय सरावगी, सुनील कुमार, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद, विजय कुमार मंडल और कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। शपथ के बाद गुरुवार को सभी के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।

### कई मंत्रियों के विभागों में फेरबदल



नीतीश कैबिनेट में कई मंत्रियों के विभागों में फेरबदल भी हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास से पथ निर्माण विभाग की जिम्मेवारी अब मंत्री नितिन नवीन के पास गयी है जबकि मंगल पांडे के पास से कृषि विभाग लिया गया है और इसे विजय सिन्हा को दिया गया है। भाजपा कोटे के नए मंत्रियों के विभाग तय कर दिए गए हैं।

**राजू कुमार भी मंत्री बने**

साहेबगंज सीट से विधायक राजू कुमार सिंह को भी मंत्री पद से नवाजा गया है। वह भी पहले जद (यू) में थे। उन्होंने 2020 में मुकेश सहनी के नेतत्व वाली पार्टी में थे।

---

## विवाद गहराने पर सीएम ममता ने दी सफाई

### कोलकाता नगर निगम ने दिया था यह आदेश

# विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द और ईद पर 2 छुट्टियां दी गईं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

नगर निगम के स्कूलों में हाल ही में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द कर दी गई और ईद की छुट्टियां दो दिन के लिए बढ़ा दी गईं। कोलकाता नगर निगम के इस आदेश पर जमकर बवाल हुआ। ये आदेश हिंदी मीडियम स्कूलों के लिए था। विवाद बढ़ने के बाद कोलकाता नगर निगम ने कहा है कि ये अनजाने में हुई टाइपिंग मिस्टेक थी।

### शिक्षा विभाग के अधिकारी को कारण बताओ



नगर निगम ने स्पष्ट किया कि स्कूलों के लिए छुट्टियों की लिस्ट की अधिसूचना सक्षम प्राधिकारी से उचित सहमति लिए बिना जारी की गई थी। जिसके बाद नगर निगम ने इस आदेश को रद्द कर दिया। नगर निगम ने इस आदेश को जारी करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 25 फरवरी को इस नोटिस पर केएमसी के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक के नाम से हस्ताक्षर किए गए हैं। विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी 17 सितंबर को दी जाती है।

### ईद का अवकाश 31 मार्च और 1 अप्रैल को होगा

आदेश में लिखा गया था कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी नहीं रहेगी क्योंकि इस छुट्टी के बदले ईद उल फितर की छुट्टी बढ़ा दी गई है। आदेश के अनुसार राज्य में ईद उल फितर की छुट्टी 31 मार्च और 1अप्रैल को घोषित की गई थी।

## भीड़भाड़ कम करने शिफ्ट करने की नीति पर हो रहा तेजी से काम

# बदल जाएगा मंत्रालयों का पता के साथ लुटियन जोन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली का दिल माने जाने वाले लुटियंस दिल्ली की भीड़भाड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार मंत्रालयों को नॉर्थ और साउथ ब्लॉक से नए बने कॉमन सेंट्रल सचिवालय भवनों में शिफ्ट करने की नीति पर तेजी से काम कर रही है। इससे एक झटके में संसद के आसपास वाले क्षेत्र में 12 हजार लोगों की रोजाना की आवाजाही के दबाव को कम किया जा सकेगा। विभिन्न मंत्रालयों के कर्मचारियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए मेट्रो लाइन और एक नई रिंग रोड भी बनाई जाएगी।

सबसे पहले गृह और वित्त मंत्रालय को नए सचिवालय में स्थानांतरित किया जाएगा। इन मंत्रालयों से जगह की जरूरतें पूछी गई हैं और नए भवनों में ऑफिस स्पेस दिखाया गया है। इन इमारतों के अप्रैल तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है। नए विशाल केंद्रीय सचिवालय का निर्माण दो बड़ी बिल्डिंग के मार्फत किया जा रहा है। पहले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और सांसदों के बंगले हुआ करते थे, वहीं अब नया पता होगा। कुल 51 मंत्रालयों और 80 विभागों के लगभग 65 हजार केंद्रीय कर्मचारी काम करते हैं।



### बेहतर समन्वय हो सकेगा

*यह तीन चरणों वाली रणनीति न केवल लुटियंस दिल्ली की भीड़भाड़ को कम करेगी बल्कि सरकारी कामकाज को भी अधिक कुशल बनाएगी। सभी मंत्रालयों और विभागों के एक ही जगह पर होने से संचार और समन्वय बेहतर होगा। नई मेट्रो लाइन और रिंग रोड से यातायात सुगम होगा और लोगों का समय बचेगा। पर्यावरण संरक्षण में बड़ा फायदा साबित होगा।*

### कार्यालयों को मेट्रो लाइन से जोड़ा जाएगा

*दूसरे चरण में कार्यालयों को मेट्रो लाइन से जोड़ा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि निर्माण सितंबर में शुरू होगा और इंडिया गेट और 'युगे युगीन' संग्रहालय में स्टेशन बनाने की योजना है। एक अन्य सूत्र ने कहा, 'मेट्रो भीड़भाड़ कम करने की योजना का एक अभिन्न अंग है ताकि सचिवालय, मंत्रालय आने वाले लोग बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें, अपने अपने वाहन का उपयोग करने से बचें। तीसरे चरण में एक और रिंग रोड का निर्माण होना है ताकि लोगों को उत्तरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली जाने के लिए सेंट्रल विस्टा को पार न करना पड़े। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लगभग 90 हजार लोग रोजाना सिर्फ उत्तरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली और इसके विपरीत जाने के लिए लुटियंस दिल्ली और इंडिया गेट को पार करते हैं। इन यात्राओं से बचा जा सकता है। भीड़भाड़ कम करने की योजना बनाने के लिए एक अध्ययन शुरू किया गया है। इसमें एक रिंग रोड या एक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शामिल होगा।*



महाकुंभ में आने वाले विदेशियों ने की सराहना
विदेशी मीडिया ने बताया दुनिया का सबसे बड़ा पर्व

# आध्यात्मिक शांति, आस्था और परंपरा के 'महाकुंभ' का सात समंदर पार हो रहा गुणगान

## न्यूयॉर्क टाइम्स (14 जनवरी 2025)

ये अमेरिका का प्रमुख अखबार है. इसमें कहा गया कि महाकुंभ मेला नाम का धार्मिक उत्सव हर 12 साल में प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल 40 साल से अधिक लोग मेले में शामिल हुए। 40 करोड़ अमेरिका की कुल आबादी से कहीं अधिक है। हिंदू राष्ट्रवाद के उदय के साथ महाकुंभ मेला प्रमुख आयोजन बन गया है। पीएम मोदी की बेहद जनसमर्थन मिला है। लोग खुश है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

धर्म,संस्कृति और परंपराओं से भारत की पावन भूमि बेहद समृद्ध है। इसे जानने और समझने के लिए सात समंदर पार से भी लोग खिंचे चले आते हैं। हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ मेले में सैकड़ों विदेशी महमानों ने संगम में डुबकी लगाई। अब स्थिति ये है कि मेले की व्यवस्था, परंपरा और आध्यात्मिक शांति को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा होना शुरु हो गए है। इस शोध और वर्कशॉप जैसे आयोजन भी शुरु हुए हैं। न्यूयार्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था, 'इनसाइट्स फ्रॉम द वर्ल्ड्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ।' आयोजन में प्रोफेसर तरुण खन्ना, प्रोफेसर डायना ईक और सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।

**न्यूयॉर्क में जानकारों ने महाकुंभ को सराहा**

### अपने देश में दिखा रहे वीडियो : डेनियल



ब्राजील से आईं डेनियल ने उत्साह से कहा कि यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव है। हम बहुत दूर से आए हैं और वीडियो अपने लोगों और देश को दिखाने के लिए उत्साहित हैं। पूरा कुंभ मेला कमाल का है। लोग बहुत दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं।

### दयालुता हमारा सबसे बड़ा सबक: एना

मैक्सिको और अमेरिका से आए एक समूह ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। समूह की एक सदस्य एना ने कहा कि मैं अपने समुदाय के एक समूह के साथ यहां आई हूं। हमारे ग्रुप में मैक्सिको, कोलंबिया और इटली के लोग शामिल हैं। इतनी भक्ति को देखकर 'वाह' जैसा अहसास हो रहा है। हमने यहां लोगों की दयालुता देखी। हर कोई बहुत स्वागत करने वाला है। यही हमारा सबसे बड़ा सबक है।

### द वॉल स्ट्रीट जर्नल (23 फरवरी 2025)

अमेरिकी अखबार ने कहा कि महाकुंभ मेले में अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे। पिछले छह सप्ताह में आधा अरब से अधिक लोग आए। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाकुंभ में डुबकी लगाने से पाप मिट जाते हैं। लोगों को मोक्ष मिल जाता है। अमेरिकी अखबार ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, देवताओं और राक्षसों के बीच अमृत के लिए लड़ाई हुई तो इस दौरान अमृत की चार बूंदे धरती के चार अलग-अलग जगहों पर गिरी।

### फ्रांस 24 (26 फरवरी 2025)

भगदड़ की दो घटनाओं के बाद भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पीएम मोदी की हिंदूओं ने एक जीत के तौर पर स्वागत किया। हिंदू संरक्षक के तौर पर गढ़ी गई पीएम मोदी की छवि को इससे और बल मिला है। पीएम मोदी और उनके सहयोगी योगी आदित्यनाथ का कहना है कि हजारों वर्ष पुराना ये मेला अब तक का सबसे भव्य मेला है।

### सीएनएन (25 फरवरी)

अमेरिका के सबसे बड़े टीवी चैनल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े समागम के समापन पर करोड़ों लोगों ने पवित्र नदी में स्नान किया। पिछले 45 दिन में करीब 67 करोड़ लोग कुंभ के उत्सव में शामिल हुए। रंगों और आस्था के त्योहार का ये नजारा बहुत खास है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए।

### डॉन न्यूज (13 जनवरी 2025)

*कुंभ मेला उत्सव शुरू होने के साथ विशाल जनसमूह ने सोमवार को पवित्र जल में स्नान किया। आयोजनों को अनुमान है कि कार्यक्रम में 400 मिलियन लोगों के आने की उम्मीद है। ये मानवता का सबसे बड़ा आयोजन है। हजारों साल पुराना महाकुंभ धार्मिक श्रद्धा और अनुष्ठानिक स्नान का प्रदर्शन है। हालांकि, इसमें बहुत बड़ी चुनौती है।*

### द डेली गजट (26 फरवरी 2025)

*अमेरिका अखबार ने कहा कि पीएम मोदी और उनके सहयोगी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम मोदी ने उस स्थान पर स्नान किया, जहां गंगा और यमुना का जल आकर मिलता है। बुधवार को शिवरात्रि के त्योहार के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।*

### नेशनल जियोग्राफिक (19 फरवरी 2025)

भारत में गंगा नदी चमकीले रंग से सराबोर क्योंकि लाखों हिंदू तीर्थयात्री इसमें डुबकी लगा रहे हैं और भक्ति की निशानी के रूप में गेंदे के पुष्प अर्पित कर रहे हैं। शाम के वक्त महाकुंभ में मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत बजता है। दिन में वहां मंत्रोच्चार होता है। महाकुंभ में इस वर्ष 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।



### हफ पोस्ट (चार फरवरी 2025)

*ये एक अमेरिकी वेबसाइट है। कुंभ मेला भारत के चार पवित्र शहर प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाला तीर्थ मेला है। हर स्थान का आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व है। महाकुंभ चार जगहों पर हर 12 साल में मनाया जाता है।*

---

## खबर संक्षेप

### हैकमैन और पत्नी की संदिग्ध मौत, घर में मृत मिले



**मैक्सिको।** हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 95 वर्षीय एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है।

### पवन कल्याण पर टिप्पणी एक्टर मुरली गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता-स्क्रीनराइटर और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता पोसानी कृष्ण मुरली को आंध्र प्रदेश पुलिस ने हैदराबाद स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। कैबिनेट मंत्री पवन कल्याण, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है।

---

यूएनएचआरसी के 58 वें सत्र की 7वीं बैठक में भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी

# अस्थिरता पर पनपने और दूसरों की मदद पर जिंदा पाक... भारत को न दे नसीहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**बोले भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा।**

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जानबूझकर जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत की छवि खराब करने की कोशिश में जुटे पाकिस्तान को एक बार फिर बुरी तरह से मुंह की खानी पड़ी। पूरा मामला बीते बुधवार देर रात जिनेवा में हुई संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 58 वें सत्र की सातवीं बैठक से जुड़ा हुआ है।

जिसमें पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत के यूएन के स्थायी मिशन में तैनात राजनयिक क्षितिज त्यागी ने अपने जवाब देने के अधिकार का तुरंत इस्तेमाल करते हुए दो टूक अंदाज में कहा कि अस्थिरता पर पनपने और अंतरराष्ट्रीय ममद पर जिंदा रहने वाले एक विफल देश पाकिस्तान को भारत को उपदेश देने की कोई जरूरत नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं और हमेशा रहेंगे।

**खास बातें**

- जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर दी नसीहत
- पाक समाधान पर बात विचार करे
- नफरत से आगे निकलना होगा उसे
- खुद के नागरिकों की भलाई करे पाक



### भारत से सीखे लोकतंत्र, प्रगति का बीज मंत्र

*उन्होंने कहा कि भारत का ध्यान लोकतंत्र, प्रगति जैसे मूल्यों के जरिए अपने नागरिकों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। यह ऐसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं, जिनसे पाकिस्तान को भी सीख लेनी चाहिए। इतना ही नहीं बीते कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई है।*

### ओआईसी का मुखपत्र के तौर पर बनाता मजाक

*त्यागी ने कहा कि एक देश के रूप में पाकिस्तान में जहां मानवाधिकारों के हनन के साथ अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न जारी है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलकर नीतियां बनाई जा रही हैं। इसके अलावा वो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित वैश्विक आतंकियों को अपने देश में खुलेआम पनाह देते हैं। ऐसे में पाकिस्तान किसी और को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। भारत को तो पाकिस्तानी नसीहत की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है।*

---

गोवा में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल हुए नौसेना के रियर एडमिरल रामाकृष्णन

# भारत का पहला प्राचीन सिला हुआ जहाज गोवा में लॉन्च किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत में प्राचीन काल में प्रयोग किए जाने वाले सिले हुए लकड़ी के जहाज (लकड़ी की नाव) का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बीते बुधवार को रियर एडमिरल केएम रामाकृष्णन (एफओके) ने इसे गोवा में लांच किया। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस बाबत मेसर्स होडी इनोवेशन लिमिटेड ने गोवा में एक कार्यक्रम आयोजित किया था।

जिसमें जहाज निर्माण से जुड़े प्राचीन कारीगर, नौसेना और शिपयार्ड कर्मी शामिल है। इस जहाज का बनकर तैयार होना भारत की जहाज निर्माण की प्राचीन विरासत में एक मील का पत्थर साबित होगा।

नौसेना ने कहा कि इसे प्राकृतिक रूप से बनाया गया है, जिसमें लकड़ी, नारियल की जटा और रेजिन का प्रयोग किया गया है।

### पारंपरिक कला को पुनर्जीवित करने का प्रयास

सिला हुआ जहाज एक प्रकार से लकड़ी की नाव है। इसके तख्तों को डोरियों और रस्सियों से सिलकर बनाया जाता है। यह तकनीक देश में धातु के फास्टनरों के आगमन से पहले समुद्री जहाजों के निर्माण के लिए काफी लोकप्रिय थी। केंद्र सरकार की कोशिश इस परियोजना के जरिए जहाज निर्माण की इस पारंपरिक कला को पुनर्जीवित और संरक्षित कर भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दुनिया के सामने बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करना है।

### देश में काफी बड़ा नाम है भूटानी ग्रुप का

*देश की बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल भूटानी ग्रुप प्रोजेक्ट्स है। कंपनी अब तक 9 मिलियन स्क्वायर फीट से ज्यादा निर्माण कर चुकी है और इसके 74 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।*

---

डीएनपीए को भेजे संदेश में बोले वैष्णव

# परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण रूप से उभरा डिजिटल मीडिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन को डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 आयोजन के लिए बधाई दी। डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 का अयोजन 27 फरवरी को नई दिल्ली में किया गया। डीएनपीए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। सम्मेलन के लिए अपने संदेश में सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीएनपीए में अपने सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

### युवाओं ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह अपनाया

*आपके प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह एक शानदार सम्मेलन है। इसके माध्यम से आज के डिजिटल मीडिया परिदृश्य और आगे बढ़ती दुनिया में पारंपरिक से नए मीडिया में परिवर्तन पर बेहतरीन चर्चाएं होंगी। मैं निश्चित रूप से जानना चाहूंगा कि इन चर्चाओं से क्या सुझाव सामने आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज मीडिया जगत एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया भी महत्वपूर्ण रूप से उभरा है। इसमें अखबार और टेलीविजन जैसे प्रमुख माध्यम शामिल हैं। कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खासकर युवा पीढ़ी ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह से अपना लिया है।*

### मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरा देश मीडिया को बड़ी जिम्मेदारी के साथ देखता है और उम्मीद है कि इस सम्मेलन से इसे बेहतर बनाने के बारे में बहुमूल्य सुझाव आएंगे। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला है। ऐसे में मीडिया क्षेत्र पहले से कहीं अधिक विकसित हो रहा है। इस बार डीएनपीए कॉन्क्लेव में 'एआई युग में मीडिया परिवर्तन' विषय के तहत समाचार प्रसार में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

---

### अनीता ने कहा पीएम की रेस में मैं नहीं



**टोरंटो।** जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सभी की नजर कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पर है। कनाडा की बागडोर अब कौन संभालेगा? इसका फैसला आगामी चुनाव में होगा। हालांकि चुनाव से पहले पीएम पद के लिए कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।

वहीं भारतीय मूल की अनीता आनंद ने भी अपना मन बदल लिया है। दरअसल अनीता आनंद ने पहले जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने से साफ इनकार कर दिया था।

---

ट्रंप ने बताया पूरा प्लान

# अमेरिका के नए नागरिकता कानून में भारत को मिलेगी विशेष छूट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है। ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी।

### इन लोगों को होगा फायदा

*ट्रंप ने कहा कि भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने में बाधा बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत, चीन, जापान और अन्य देशों से आने वाले छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे हार्वर्ड या व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस से शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके पास अमेरिका में रहने की कोई निश्चित गारंटी नहीं होती।*

---

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी नीलम शिंदे केलिफोर्निया में भर्ती है

# विदेश मंत्रालय के दखल के बाद घायल भारतीय छात्रा से मिलेंगे परिजन, अमेरिका का वीजा मिलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बीते 14 फरवरी को केलिफोर्निया में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी 35 वर्षीय भारतीय छात्रा नीलम शिंदे से अस्पताल में मिलने के लिए जल्द ही उसके परिजन अमेरिका जा सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसके लिए अमेरिका की सरकार से संपर्क किया है। सूत्रों ने बताया कि आमतौर पर इस तरह की आपातकालीन यात्रा के लिए वीजा जल्द से जल्द जारी कर दिया जाता है।

लेकिन इस मामले में हुई देरी के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। उधर, नीलम के पिता को मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार सुबह 9 बजे वीजा जारी करने पहले लिए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया है।

### एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने मामले को उठाया

*उधर, बीते बुधवार को इस मामले को महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर उठाते हुए एक पोस्ट में कहा था कि छात्रा नीलम शिंदे अमेरिका में दुर्घटना में घायल हो गई है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीलम के पिता महाराष्ट्र के सतारा से हैं और उन्हें आपातकालीन चिकित्सा स्थिति की वजह से अपनी बेटी से मिलने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन किया है, तुरंत मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद दुखद मामला है, जिसका हम सभी को एकजुटता से समाधान निकालने की जरूरत है।*

---

## भारत 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा

केंद्र सरकार को 10 साल और ऐसे ही प्रयास करने होंगे

# भारत का ग्रोथ मॉडल अन्य देशों में बन सकता है विकास का टेंपलेट : सीईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकतांत्रिक और संघीय शासन संरचना में रहते हुए भारत की विकास यात्रा अन्य देशों के लिए एक मॉडल है। यह बयान भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए), डॉ. वी.अनंत नागेश्वरन ने दिया।

दक्षिण अफ्रीकन और भारतीय बिजनेस लीडर्स के सेमिनार में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जो लोकतांत्रिक राजनीति और संघीय शासन संरचना के रहते हुए खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है। इस कारण भारत का अनुभव दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के लिए बहुत



उपयोगी टेम्पलेट होंगे। नागेश्वरन ने विकसित भारत विजन के बारे में भी चर्चा की और कहा कि भारत अगले 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

देश अपने इस लक्ष्य के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिरेगुलेशन और शिक्षा में निवेश के जरिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे पास अर्थव्यवस्था के लिए लक्ष्य होते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि ये परिणाम हमारे नियंत्रण से परे विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए हम जो प्रयास कर सकते हैं, केवल वही हमारे नियंत्रण में है। नागेश्वरन के मुताबिक, परिणाम वैश्विक कारकों के अधीन होंगे, लेकिन भारत सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो करने की कोशिश कर रही है। उसे अगले दस वर्षों में भी करना जारी रखेगी। हम उन बिल्डिंग ब्लॉक्स को स्थापित कर रहे हैं जो हमें विकसित भारत तक ले जाएंगे।

### हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत

डॉ. नागेश्वरन ने नए वैश्विक परिवेश में देशों के बीच साझेदारी के लिए बदले हुए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी भी समय देशों को एक-दूसरे पर इतना निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी, जितनी अब है। हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत है। साथ ही हम साझेदारी बनाने में विकल्प नहीं चुन सकते बल्कि अवसरवादी बन सकते हैं क्योंकि दुनिया अब मंथन के दौर में है। वहीं भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान में चीन और अमेरिका के बाद दक्षिण अफ्रीका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन दूसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत उस स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन का आकार बहुत बड़ा है, लेकिन निकट भविष्य में हम शायद निर्यात और आयात दोनों में नंबर दो बन सकते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

### नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।





### बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

### चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

### पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

---

## खबर संक्षेप



### कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

**लाहौर।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

### आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

**बेंगलुरु।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली



हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

### बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा



कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है।'

### आईसीसी मैच रेफरी बून सीए बोर्ड में शामिल

**मेलबर्न।** पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड में शामिल होंगे। बून क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।'

---

### चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम

# जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।



### गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

### कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

### पंत को मिल सकता है मौका

खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

### शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

---

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

## विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

---

### आरकेडीएफ प्रवाह 2025

## इंटरनेशनल-11 ने जीता खिताब आयुर्वेदा-11 को दी शिकस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में आयोजित प्रवाह 2025 में क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब इंटरनेशनल इलेवन के नाम रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच इंटरनेशनल इलेवन और आयुर्वेदा इलेवन के बीच खेला गया। इंटरनेशनल इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में आयुर्वेदा इलेवन की टीम 5 विकेट खोकर 111 रन ही बना सकी और 32 रन से मुकाबला हार गई। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड अभिषेक पुरोहित को दिया गया जिन्होंने 76 रन बनाए। इसके अलावा उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी दिया गया।

### प्रथम चार दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

टेलेंट का महाकुंभ प्रवाह का आयोजन खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का महाकुंभ है जिसमें देश प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सम्मिलित होकर अपना हुनर दिखाया। प्रवाह 2025 में प्रथम चार दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे कि क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल कबड्डी, चैस, कैरम, वॉलीबॉल बैडमिंटन एवं अन्य खेल शामिल थे। अंतिम दो दिवस में सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे की नृत्य, गायन, नाटक, कविता मंचन, वॉल पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, रियल मेकिंग, पोस्टर प्रेजेंटेशन, क्विज आदि आयोजित किए गए। आयोजन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर विजय अग्रवाल ने मशाल प्रज्वलित करके किया।

### अंतिम दिन पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह

आयोजन के अंतिम दिन सभी प्रतिस्पर्धाओं एवं खेलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अग्रवाल को साइप्रस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा डीएससी की मानद उपाधि से सम्मानित करने के उपलक्ष्य में कुलसचिव डॉ एनके लारिया, डायरेक्टर मैनेजमेंट डॉ. बीएन सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटील एवं डॉ. रत्नेश जैन द्वारा शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं 'प्रवाह - 2025' के सफल आयोजन के लिए आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ सुनील कपूर ने आयोजन समिति एवं विजेताओं को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की।। आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश गौर, सागर दुबे, तथा इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ सोनल सिंह, डॉ चिराग गुप्ता, डॉ पुनीत द्विवेदी, डॉ विशाल श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।।

### श्याम बने मप्र ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चेयरमैन



**भोपाल।** राजधानी स्थित एक निजी होटल में मप्र ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक में हीरा सिंह श्याम को मप्र ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया। नव नियुक्त चेयरमैन हीरा सिंह ने एसोसिएशन के सचिव मो. शाहिद एवं अध्यक्ष संदीप देशमुख का आभार व्यक्त किया और ब्लाइंड स्पोर्ट्स को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सभी जिले के पदाधिकारी को निर्देश दिए कि अपने ज़िले और संभाग में छोटे-छोटे आयोजन कराकर दृष्टिबाधित बच्चों में खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ाएं।

## आरएनटीयू की श्रेया ने जीता ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुशू में गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की वुशू खिलाड़ी श्रेया गुप्ता (बीपीएड प्रथम वर्ष) ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुशू (मेन्स/वूमंस) चैंपियनशिप 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

श्रेया ने महिला -65 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश की और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। श्रेया की इस शानदार जीत में मैनेजर, कोच राहुल शिंदे का कुशल मार्गदर्शन अहम रहा। यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 22 फरवरी से 27 फरवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



### शानदार प्रदर्शन से जीता गोल्ड

सेमीफाइनल में श्रेया का सामना रांची यूनिवर्सिटी की प्रीति कुमारी से हुआ, जहां उन्होंने नॉकआउट जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। श्रेया ने यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा की निशा गुर्जर के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल की। श्रेया की इस उपलब्धि पर विवि की प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलपति डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने शुभकामनाएं दीं हैं।

### रहाणे बने पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स के ब्रांड दूत

**मुंबई।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को तीन से चार मार्च तक यहां होने वाले एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड दूत बनाया गया है। यह ग्रैंडमास्टर सीरीज िस्कलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन की पहल है और



बेंगलुरू में 'दक्षिण क्षेत्र एक' की सफलता के बाद पश्चिम क्षेत्र पहुंची है। डेढ़ लाख से अधिक पंजीकरण के साथ प्रतियोगिता ने अपने ऑनलाइन प्रारूप में भारत की प्रमुख कौशल-आधारित माइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

---

### दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल बाद चैंपियन बनने को आतुर

# ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे।

बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में



प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।

दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

### मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की। लेकिन ट्रॉट के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है क्योंकि उनके पास अजमतुल्लाह उमरजई की अगुआई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी भी है।

# दूध, दही, शहद, जल सहित अन्य सामग्री से किया शिव का अभिषेक

# रातभर गूंजे बोल बम के जयकारे, जगह-जगह मानस पाठ भंडारे, महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भी राजधानी में रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को भी देवालयों व शिव मंदिरों में हर हर महादेव, बोल बम, ओम नमः शिवाय जैसे जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों में मानस पाठ किए गए। पूजन-हवन किए गए। इसके बाद जगह-जगह भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। पूरा वातावरण शिव मय रहा।

न्यू जेल रोड करोंद स्थित श्री अखलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का मंत्रोच्चार के साथ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दूध, दही, शहद, जल के सहित अन्य सामग्री से अभिषेक कर भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। तो वहीं दूसरे दिन भंडारे का आयोजन कर प्रसादी वितरण किया गया। श्री राम ट्रांसपोर्ट के संचालक राजेश गोयनका ने बताया कि पहले दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर अभिषेक व श्रृंगार किया गया था। तो वहीं दूसरे दिन मानस पाठ किया गया। भंडारे का आयोजन कर भक्तों में प्रसादी वितरण की गई।



### महादेव मंदिर में हुआ अभिषेक

करोंद जेल के एग्जाम में आईटी पार्क स्थित महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर अभिषेक किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पुराण चौरसिया परिवार सहित एवं श्रद्धालुओं में भगवान का अभिषेक किया एवं उसके बाद प्रसादी वितरित की गई।

### महाशिवरात्रि पर लोगों ने पहचानी अपने अंदर की शक्ति



महाशिवरात्रि पर राजधानी में एक नए प्रकार का धार्मिक आयोजन देखने को मिला। ईथर बियोंड वैलनेस संस्थान द्वारा 'दा डिवाइन नाइट' कार्यक्रम आयोजित किया। अपनी तरह के इस आध्यात्मिक आयोजन में महाशिवरात्रि पर लोगों को अपने अंदर की शक्ति को पहचानने और उनको अपने आंतरिक स्वास्थ्य गहराई से जोड़ा। इस मंत्र मुक्त करने वाले कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने मंडला आर्ट थेरेपी का अनुभव कर रचनात्मक और आंतरिक शांति को अनलॉक किया। वहीं गाइडेड मेडिटेशन और मंत्र जाप के साथ अपने अंदर की शक्ति को मापने का काम भी किया। साथ ही साथ प्रतिभागियों ने अपने हाथों से शिवलिंग बनाकर उसकी प्रतिष्ठा मंत्र उच्चारण के साथ की।



### पशुपतिनाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर के दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### बोहरा समाज का पहला रोजा आज, मुस्लिम समाज देखेगा चांद

**भोपाल।** रमजान के मुबारक माह का आगाज होने जा रहा है, जिसके तहत बोहरा समाज शुक्रवार से पहला रोजा रखेगा, जबकि मुस्लिम समाज शुक्रवार को चांद का दीदार करेगा। चांद नजर आने पर शुक्रवार से ही तरावीह का दौर शुरु हो जाएगा, जबकि चांद नजर नहीं आने पर शनिवार से तरावीह और रविवार से पहला रोजा रहेगा। रैयते हिलाल कमेटी शुक्रवार को मोती मस्जिद से चांद के दीदार करेगी। चांद नजर नहीं आने पर आसपास के जिले और प्रदेशों से संपर्क किया जाएगा। जिसके आधार पर शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी चांद का ऐलान करेंगे। इधर बोहरा समाज के लोग शुक्रवार को पहला रोजा रखेंगे। जिसके साथ रमजान के पवित्र माह का आगाज हो गया है।

### नाबालिग पर छुरी से हमला, चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** गौतम नगर इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक नाबालिग लड़के पर चार युवकों ने छुरी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लड़के को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और चाकूबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार इंद्रा सहायता नगर झुग्गीबस्ती में रहने वाला 17 साल का लड़का मजदूरी करता है। बुधवार की रात डीआईजी बंगला स्थित कलारी के पास चिन्ना उर्फ यूनिस और अरबाज नामक युवक मिले और पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान उनके दो अन्य साथी अम्मू और लड्डू भी पहुंच गए। नाबालिग से चारों ने मारपीट की और छुरी से हमला किया था।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का 1 से 3 मार्च तक शोधार्थी समागम

**भोपाल।** राजधानी स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान एक से 3 मार्च के बीच राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का आयोजन कर रहा है। भारत के ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी सहित अलग-अलग विषयों में भारत केंद्रित शोध को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित इस समागम में देश भर से 280 से अधिक शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ता, स्वतंत्र शोधकर्ता भाग लेंगे। शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि संस्थान देश में पहली बार भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित शोध दृष्टि के प्रोत्साहन को लेकर इस तरह का समागम होगा।

### राष्ट्रीय सेवा योजना ने अभिमुखीकरण कार्यक्रम किया आयोजित

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। प्रथम सत्र में डॉ. हेमलता वर्मा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो और डॉ. मधूसूधन प्रकाश ने मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनंत कुमार सक्सेना, कार्यक्रम समन्वयक बरकतउल्ला विवि, भोपाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार रहे।

## गुरुवार को शहर में तीन जगहों पर आग लगने से फैली दहशत

**वल्लभ नगर में सिलेंडर में लगी आग, मची अफरा-तफरी**

# चमड़ा गोदाम के पास कचरे में लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी शुरू होने के साथ ही शहर में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। गुरुवार को शहर में तीन जगहों पर आग से हादसे हुए। पहला मामला जिंसी चौराहा स्थित असलम चमड़ा गोदाम से लगे कचरे में लगी आग का है और दूसरा वल्लभ नगर झुग्गी बस्ती में गैस सिलेंडर में लगी आग का है, जबकि 11 नंबर के पास एक रेस्टॉरेंट में रखे गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। इधर चमड़ा गोदाम के पास लगी आग से जिंसी चौराहे स्थित असलम चमड़ा गोदाम से लगी दीवार के आसपास पड़े कचरे में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अचानक भीषण आग लग गई।

आग के लगते ही गोदाम के कर्मचारियों ने आग को काबू करने की कोशिश की। सूचना पर पुल बोगदा से आई एक दमकल को सड़क पर वाहनों के खड़े होने की वजह से गोदाम तक पहुंचे में 10 से 15 मिनट लग गए। वहीं बुधवार को बाग सेवनिया स्थित संत आसाराम फेस वन के एक मकान में गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लगी थी, जिसमें पूरा परिवार झुलस गया था। गुरुवार सुबह भी सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



**सिलेंडर में लगी आग, रहवासियों ने बुझाई**

*शौर्य स्मारक के समीप बनी वल्लभ नगर झुग्गी बस्ती के एक मकान में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गई। सिलेंडर में लगी आग को देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय नागरिकों ने ही सिलेंडर में लगी आग को काबू कर लिया था। इसलिए बड़ा हादसा नहीं हुआ।*

### रेस्टॉरेंट में भड़की आग

11 नंबर मार्केट स्थित माडा कैफे एंड रेस्टोरेंट में आगजनी की घटना हुई। यहां गैस से भरे सिलेंडर में लीकेज हो गया और आग की लपटें उठने लगी। तभी सामने की दुकानों से लोग दौड़े और आग पर काबू पाया। मौके पर फायर बिग्रेड भी पहुंची। रेस्टोरेंट के अंदर रखे गैस सिलेंडर में आग लगी थी।

**एम्स में दुर्लभ सर्जरी से मां और शिशु को मिला नया जीवन**

## प्रेग्नेंसी के दौरान अटक गया था कृत्रिम वॉल्व, सांस देने में हो रही थी दिक्कत, किया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हृदय रोग से पीड़ित एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला का 10 वर्ष पूर्व हृदय के वाल्व में सिकुड़न के लिए ऑपरेशन कर कृत्रिम वाल्व लगाया गया था। हाल ही में गर्भावस्था के दौरान कृत्रिम वाल्व अटक गया था, जिससे मरीज को सांस लेने में दिक्कत आने लगी थी।

पूर्ण गर्भावस्था के पहले मरीज के अटके हुए कृत्रिम वाल्व का दोबारा ऑपरेशन करना मां एवं उसके अजन्मे शिशु दोनों के जीवन के लिए ही जोखिम भरा था। इस कारण यह निर्णय लिया गया कि मरीज को आईसीयू में रखकर गर्भावस्था पूर्ण होने तक प्रतीक्षा की जाएगी, ताकि अजन्मे शिशु का पूरी तरह विकास हो पाए। ऐसे मामलों को आमतौर पर अन्य अस्पताल विशेष चिकित्सा केंद्रों को रेफर कर देते हैं, लेकिन एम्स भोपाल की मल्टीस्पेशलिटी विशेषज्ञ टीम ने दोनों जटिल प्रक्रियाओं को एक ही समय में सफलतापूर्वक निष्पादित किया। एम्स की टीम ने सुनियोजित सर्जिकल प्रक्रिया के द्वारा मरीज का सिजेरियन ऑपरेशन कर शिशु को नया जीवन दिया तत्पश्चात मरीज के हृदय के अटके हुए वाल्व को बदलकर मां के जीवन की भी रक्षा की। सर्जरी की सफलता कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और बाल रोग विभाग के बीच सहज सहयोग के कारण संभव हुई जिन्होंने इस उच्च-जोखिम वाली प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सीटीवीएस विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और बाल रोग विभाग ने किया सहयोग**

**गोविंदपुरा एसडीएम ने दोनों पक्षों के सुनने के बाद दिए आदेश**

## बुजुर्ग माता-पिता को सताने वाले बेटा-बहू को खर्चा देने के साथ करना होगी देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे में कर्मचारी रहे पिता के रिटायर होने के बाद उन्हें बेटा बहू परेशान करने लगे। कभी मारपीट करते, तो कभी मकान खाली करने की धमकी देते।

जिसको लेकर पिता ने गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव को शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम कोर्ट ने नोटिस जारी कर दोनों पक्षों को सुना और कपिल और नेहा को प्रतिमाह दो हजार रुपए देने के आदेश दिए हैं। जबकि माता-पिता की देखभाल भी करने की हिदायत दी गई है।

वीर सिंह यादव उम्र 61 साल निवासी लक्ष्मीपुरा हिनोतिया काछियान अशोका गार्डन ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैं रेलवे से रिटायर कर्मचारी हूं। बेटा कपिल और बहू नेहा यादव इसी मकान में रहते हैं।

### बेटा-बहू ने माता और पिता के साथ की थी मारपीट

यादव ने बताया कि शुभम यादव और बहू नीतू यादव निवासी साकेत नगर सागर पब्लिक स्कूल के पास रहते हैं। दोनों आए दिन परेशान करते हैं। पिछले दिनों अशोका गार्डन थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। बुजुर्ग ने बताया कि कपिल और बहू नेहा ने कुछ दिन पहले मेरे और पत्नी के साथ मारपीट कर दी। बेटा शराब पीने का आदी है। दूसरा बेटा शुभम और बहू नीतू भी माता-पिता को परेशान नहीं करेंगे।

## 34 मोतियाबिंद, 163 हाई बीपी और 62 सफाई कर्मी डायबिटीज के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पहली बार कचरा बीनने वाले कर्मचारियों की सेहत की जांच की जा रही है। इसके लिए शहर के तमाम गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जा रहे हैं।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर मिवारी ने बताया कि एक महीने में इन कैंप में अब तक 1734 कर्मचारियों की जांच की जा चुकी है। कैंप में 988 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए जिसमें 37 में मोतियाबिंद मिला। 54 लोगों में आंखों की अन्य बीमारियां मिली। इन सभी को उपचार और सर्जरी के लिए चिह्नांकित किया गया है। 342 लोगों को निःशुल्क चश्मे दिए गए। 1394 की रक्तचाप जांच में 163 का ब्लड प्रेशर बढ़ा मिला, 1314 लोगों की डायबिटीज जांच में 62 का शुगर लेवल बढ़ा मिला।




**गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में लग रहे कैंप**

### राजधानी में यहां लगाए जा रहे शिविर

*शिविर दाना पानी ट्रांसफर स्टेशन, जाटखेड़ी, भदभदा ट्रांसफर स्टेशन, बाबा नगर शाहपुरा, कजलीखेड़ा, शाहजहानी ट्रांसफर स्टेशन, राजेंद्र नगर ट्रांसफर स्टेशन, बैरागढ़ ट्रांसफर स्टेशन, ईदगाह ट्रांसफर स्टेशन, गोविंदपुरा ट्रांसफर स्टेशन, आरिफ नगर ट्रांसफर स्टेशन में आयोजित हो चुके हैं। शिविर 5 मार्च तक लगाए जाएंगे।*

### शिविरों में आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बना रहे

*कैंप में आए सफाई कर्मचारियों को उपचार, जीवन शैली एवं खानपान परिवर्तन की सलाह दी गई। साथ ही नियमित फॉलोअप के लिए नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से लिंक किया गया। शिविरों में 33 आयुष्मान कार्ड और 283 आभा आईडी बनाई जा रही हैं। कैंप की शुरूआत 27 जनवरी को आदमपुर स्थित प्रोसेसिंग साइट से की गई थी। इन शिविरों का आयोजन नगर निगम के साथ मिलकर किया जा रहा है।*

## जय हिंद सेना की मांग, चंद्रशेखर आजाद को मिले भारत रत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जय हिंद सेना के सदस्यों ने मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न देने की मांग की है। सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरूण पांडे ने बताया कि सेना के सदस्यों ने चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट कर चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न देने की मांग की है। गुरुवार को जय हिंद सेना के सदस्यों ने चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आजाद चौक गीतांजलि कॉम्पलेक्स स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सेना के युवा सदस्यों ने चंद्रशेखर आजाद को अपना आदर्श मानकर राष्ट्र सेवा करने का संकल्प भी लिया है।




## एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग की छात्रवृत्ति का बने अलग मदः विभा

**भोपाल।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति में लगातार कटौती की जा रही है। एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की अलग से मद बनाकर इसमें 50 फीसदी की सम्मान जनक बढ़ोतरी करें। ऐसा करने से इन वर्गों के विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। यह कहना है मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल का। उन्होंने कहा कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों और छात्राओं को अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हम युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे। पटेल ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार स्कालरशिप में पिछले दस साल से हर वर्ष औसतन 25 प्रतिशत से कुछ अधिक फंड में अघोषित रूप से कटौती कर रही है।



## प्रांतीय सम्मेलन में 23 मार्च को चित्रकूट में जुटेंगे कायस्थ जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 23 मार्च को चित्रकूट में आयोजित होने वाले प्रान्तीय सम्मेलन में कायस्थ जन जुटेंगे। प्रांतीय महोत्सव की तैयारी को लेकर सतना के चित्रगुप्त मन्दिर में कायस्थ समाज की बैठक बीते दिनों आनन्द कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक संतोष श्रीवास्तव के अनुसार इसमें प्रदेशभर के कायस्थ बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति महत्वपूर्ण होगी। समाज के अध्यक्ष दीपक निगम ने बताया कि इस अवसर पर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रांतीय सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना भोपाल, विनय श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा गया है। प्रांतीय सम्मेलन में मंच व्यवस्था युवा अध्यक्ष राज श्रीवास्तव, सुधीर निगम, आवास व्यवस्था इंजी अश्विनी निगम, सुमित श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव संभालेंगे।

**जेपी अस्पतालः डॉ. भाटिया, डॉ. रेणु और डॉ. आशा आज होंगे सेवानिवृत्त**

# जेपी अस्पताल में मप्र का पहला मिल्क बैंक बनाने में रहा डॉ. रेणु और डॉ. आशा का अमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी मॉडल अस्पताल जेपी में शुक्रवार को तीन वरिष्ठ विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवानिवृत्ति को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जेपी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. आईके चुघ ने बताया कि डॉ. रेणु चुघ (पैथोलाजी विशेषज्ञ), डॉ. आशा दीक्षित (शिशु रोग विशेषज्ञ) और डॉ. नवीन भाटिया (नाक-कान-गला विशेषज्ञ) को सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा मरीजों के हित में किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। डॉ. रेणु व डॉ. आशा ने साइन अस्पताल में ट्रेनिंग लेकर मप्र का पहला मिल्क बैंक जेपी अस्तपाल में स्थापित किया। डॉ. नवीन भाटिया ने भी स्वास्थ्य विभाग में जिला अस्पताल में कई स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया। डॉ. चुघ ने बताया कि सभी सेवानिवृत्त डाक्टरों को स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर विदाई दी जाएगी। इन विशेषज्ञों ने स्वाइन फ्लू, एपीडेमिक तथा कोविड एपीडेमिक के समय सराहनीय सेवाएं प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

■ **सेवानिवृत्ति पर होगा सम्मान समारोह**

### डॉ. रेणु चुघ (पैथोलॉजी विशेषज्ञ)



डॉ. रेणु चुघ ने छह मई 1985 को मप्र लोक स्वास्थ्य सेवा में प्रवेश किया था और पैथोलाजी विशेषज्ञ हैं। वह गैस राहत अस्पताल के अलावा जेपी अस्पताल में कार्यरत रही। डॉ. रेणु ने जेपी अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग को अपग्रेडेशन करने के साथ मार्डन पैथोलॉजी बनाई। डॉ. रेणु ने पैथोलॉजी विशेषज्ञ के साथ स्टेट पीएडडीटीकी मेंबर रही।

### डॉ. आशा दीक्षित (शिशु रोग विशेषज्ञ)



डॉ. आशा दीक्षित शिशु रोग विशेषज्ञ ने मप्र शासन स्वास्थ्य विभाग में 1989 में ज्वॉइन किया। वह जेपी अस्पताल की शिशु रोग विभाग की प्रभारी रही। वह गैस राहत व जेपी अस्पताल में पदस्थ रही। डॉ. आशा दीक्षित ने जेपी अस्पताल में एसएनसीयू, एनआरसी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की शुरुआत की।

### डॉ. नवीन भाटिया (ईएनटी सर्जन)



डॉ. नवीन भाटिया ने 1989 में मप्र लोक स्वास्थ्य विभाग में ज्वॉइन किया। अपनी सेवाएं उन्होंने रायसेन जिला अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, टीबी अस्पताल एवं जेपी अस्पताल में प्रदान की। इस दौरान डॉ. भाटिया ने कई मेजर एवं माईनर आपरेशन किए। उन्होंने मरीजों के इलाज में योगदान दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930